दैनिक जयन्त
स्थापित : 1979
संस्थापक
स्व0 श्री नरेन्द्र उनियाल
वर्ष-45, अंक 85
कोटद्वार गुरूवार
20 जुलाई 2023, पृष्ठ-8

गढ़वाल जनपद का प्रथम दैनिक

# जयन्त

निर्भीक-निष्पक्ष-जनसरोकार

खबर बड़ी होती है, अखबार नहीं
दैनिक जयन्त
www.dainikjayantnews.com

कोटद्वार एवं गैरसैंण से प्रकाशित डाक पंजीयन यू.ए./पी.ए.ओ.07-2021-23 फोन नं0 01382-222383, मो0 नं0 8384897348, 9412081969 e-mail : dainikjayant@rediffmail.com, nagendra.uniyal@gmail.com मूल्य-2 रुपये

# चमोली में विद्युत कंरट लगने से बड़ा हादसा, 16 लोगों की मौत, 11 घायल

## 6 गंभीर घायलों को एयरलिफ्ट कर एम्स ऋषिकेश कराया भर्ती, 5 का जिला अस्पताल चमोली में चल रहा उपचार

**जयन्त प्रतिनिधि।**

चमोली : चमोली में नमामि गंगे परियोजना की साइट पर विद्युत करंट लगने से बुधवार को बडा हादसा हुआ। इस दुर्घटना में 16 लोगों की मृत्यु और 11 लोग घायल हुए है। गंभीर रूप से घायल 06 लोगों को एयरलिफ्ट करके ऋषिकेश एम्स रेफर किया गया। जबकि 05 लोगों का जिला अस्पताल में उपचार किया जा रहा है।

स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने जिला चिकित्सालय गोपेश्वर पहुंचकर हादसे में घायल व्यक्तियों का हाल जाना और शोक संतप्त मृतकों के परिजनों को हर संभव मदद का भरोसा दिया। उन्होंने कहा कि हादसे में घायलों का निःशुल्क इलाज किया जाएगा। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा है कि इस दुःखद हादसे की जांच के आदेश दे दिए गए है जो भी दोषी होगा उसको सजा दी जाएगी। मुख्यमंत्री के निर्देशों के क्रम में जिलाधिकारी हिमांशु खुराना ने अपर जिलाधिकारी डॉ. अभिषेक त्रिपाठी को जांच अधिकारी नियुक्त करते हुए एक सप्ताह के अन्दर इस दुर्घटना की मजिस्ट्रियल जांच के आदेश दे दिए गए हैं।

जांच रिपोर्ट के आधार पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी ने अस्पताल में भर्ती घायलों का हाल जानते हुए घटना के बारे जानकारी भी ली। स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत, जिलाधिकारी हिमांशु खुराना, पुलिस अधीक्षक प्रमेन्द्र डोबाल सहित तमाम जनप्रतिनिधियों, वरिष्ठ अधिकारियों एवं पुलिस के जवानों ने गोपेश्वर पुलिस मैदान में इस दुर्घटना में मृत थाना उपनिरीक्षक प्रदीप रावत के पार्थिव शरीर पर पुष्पचक्र अर्पित करते हुए नम आंखों से उनको श्रद्धांजलि अर्पित की।

### दुर्घटना में मृत व्यक्तियों के नाम

1- उपनिरीक्षक प्रदीप रावत, प्रभारी चौकी पीपलकोटी, कोतवाली चमोली। 2- होमगार्ड मुकुन्दी राम पुत्र श्यामदास निवासी ग्राम हरमनी थाना चमोली उम्र 55 वर्ष। 3- होमगार्ड गोपाल पुत्र माधव सिंह निवासी ग्राम रूपा थाना चमोली उम्र 57 वर्ष। 4- होमगार्ड सोबत लाल निवासी ग्राम पाडुली गोपेश्वर जनपद चमोली। 5- सुमित पुत्र स्व. चन्द्र सिंह निवासी ग्राम रौंगतौली, चमोली उम्र 25 वर्ष। 6- सुरेन्द्र पुत्र विजय लाल निवासी हरमनी चमोली उम्र 33 वर्ष। 7- देवी लाल पुत्र असीमदास निवासी हरमनी चमोली उम्र 45 वर्ष। 8- योगेन्द्र सिंह पुत्र महिपाल सिंह निवासी हरमनी चमोली। 9- सुरेन्द्र सिंह पुत्र स्व. गोपाल सिंह निवासी हरमनी, चमोली, उम्र 38 वर्ष। 10- विपिन पुत्र सोबत निवासी पाडुली गोपेश्वर, चमोली उम्र 26 वर्ष। 11- मनोज कुमार निवासी हरमनी चमोली उम्र 38 वर्ष। 12- सुखदेव पुत्र ऐलमदास निवासी ग्राम रौंगतौली चमोली उम्र 33 वर्ष। 13 -प्रमोद कुमार पुत्र सुदामा लाल निवासी हरमनी चमोली। 14- दीपू कुमार पुत्र महेन्द्र लाल निवासी हरमनी चमोली उम्र 33 वर्ष। 15- महेन्द्र लाल निवासी हरमनी, चमोली उम्र 48 वर्ष। 16-गणेश पुत्र महेन्द्र लाल निवासी हरमनी चमोली उम्र 27 वर्ष।



चमोली हादसे में गंभीर घायल को हेलीकॉप्टर से हायर सेंटर भेजते हुए।



स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत डीएम हिमांशु खुराना से जिला अस्पताल में घटना के बारे में जानकारी लेते हुए।

### दुर्घटना में घायल व्यक्तियों के नाम

1- महेश कुमार पुत्र रूपदास निवासी खैनुरी चमोली, उम्र 32 वर्ष (हायर सेंटर रैफर)।
2- नरेन्द्र लाल पुत्र असीम दास निवासी हरमनी चमोली उम्र 35 वर्ष (हायर सेंटर रैफर)।
3- आनन्द पुत्र गम्मालाल निवासी पाडुली गोपेश्वर उम्र 42 वर्ष (हायर सेंटर रैफर)।
4- सुशील कुमार पुत्र सुदामा लाल निवासी हरमनी चमोली उम्र 27 वर्ष (हायर सेंटर रैफर)।
5- संदीप मेहरा पुत्र सुलोचन टम्टा निवासी रुद्रप्रयाग उम्र 34 वर्ष (हायर सेंटर रैफर)।
6- पी.आर.डी रामचन्द्र पुत्र पुष्कर लाल निवासी ग्राम खैनुरी चमोली, उम्र 48 वर्ष (हायर सेंटर रैफर)
7- धीरेन्द्र सिंह रावत पुत्र राजेन्द्र सिंह रावत निवासी अपर चमोली उम्र 41 वर्ष।
8- पवन राठौर पुत्र उदय सिंह निवासी बाजपुर चमोली।
9- सुभाष खत्री पुल दौलत सिंह खत्री रांगतोली चमोली, उम्र 27 वर्ष।
10- जयदीप पुत्र हरीश हरमनी चमोली उम्र 20 वर्ष।
11- अभिषेक पाल पुत्र राजेन्द्र पाल चमोली उम्र 24 वर्ष।

## सीएम ने चमोली घटना पर जताया दु:ख, मृतकों के परिजनों को पांच लाख और घायलों को एक लाख देगी सरकार

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**देहरादून** : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने चमोली जनपद में हुई दुःखद घटना पर गहरा दुःख व्यक्त करते हुए मृतकों की आत्मा की शांति एवं उनके परिवारजनों को दुःख की इस घड़ी में धैर्य प्रदान करने की ईश्वर से कामना की है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने चमोली घटना में मृतकों के आश्रितों को 5-5 लाख रुपये और घायलों को 1-1 लाख रुपए की राहत राशि अविलंब प्रदान करने के निर्देश दिए हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि चमोली जनपद में बिजली के करंट लगने से 15 लोगों के घायल एवं हताहत होने की सूचना मिली है। जिलाधिकारी चमोली को घटना की मजिस्ट्रियल जांच के आदेश दे दिए गए हैं। बचाव दल घटना स्थल पर पहुंच गए हैं। घायलों को हायर सेंटर रेफर करने के लिए हेलीकॉप्टर की सेवाएं ली जा रही है। सरकार और प्रशासन के द्वारा राहत एवं बचाव कार्य किए जा रहे हैं। अनुमन्य सहायता राशि शीघ्र उपलब्ध कराई जाएगी।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने फोन कर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से चमोली घटना के संबंध में जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने स्थिति की जानकारी देते हुए बताया कि मजिस्ट्रियल जांच के आदेश दे दिए गए हैं। घायलों को एम्स ऋषिकेश हेलीकॉप्टर से लाया गया है। प्रधानमंत्री कार्यालय को भी घटना की पूरी जानकारी दी गई है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर जिलाधिकारी चमोली ने अपर जिलाधिकारी चमोली को एक सप्ताह के अन्दर घटना की विस्तृत मजिस्ट्रियल जांच करने के आदेश दिये हैं। सभी गम्भीर घायलों को हेलीकॉप्टर से इलाज के लिए एम्स ऋषिकेश लाया गया है। मुख्यमंत्री जिला प्रशासन से हर अपडेट की जानकारी ले रहे हैं।

IHMS KOTDWAR
17 Years of Excellence in Education
ESTD. 2006
ISO 9001-2015 Certified
Institute of Hospitality, Management & Sciences
Admissions Open 2023
"Journey Towards Excellence"
AVAILABLE PROGRAMMES
M.B.A. 2 Years
FIRST AICTE APPROVED COLLEGE IN REGION
B.H.M. 4 Years
B.Sc. IT 3 Years
B.B.A. 3 Years
B.C.A. 3 Years
C.H.M. 1 Year
• Attractive Scholarships
• Industrial Tour
• Value Added Courses @ 0% cost
• Internship in Leading Companies
Mob.: 7902000023, 8057726863
Balbhadrapur, B.E.L. Road, Kotdwar-246149(UK)
Email:Info@ihms.ac.in, ihmskotdwar1@gmail.com | Web: www.ihms.ac.in

# राज्यपाल गुरमीत सिंह ने किया दून विश्वविद्यालय की ई–लाइब्रेरी का उद्घाटन



देहरादून। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने बुधवार को राजभवन से दून विश्वविद्यालय की ई–लाइब्रेरी का उद्घाटन किया।

इस ई–लाइब्रेरी में कुल 9 लाख से ज्यादा लिखित सामग्री उपलब्ध है। ई–लाइब्रेरी में 12,253 अलग–अलग विषयों के ई–जर्नल, 7,81,269 ई–थिसिस, 1,24,019 वीडियो लेक्चर, 18,371 ई–बुक्स, 2,979 न्यूज पेपर्स, 16,000 ऑडियो बुक्स के साथ–साथ दून विश्वविद्यालय की लाइब्रेरी में 43,000 पुस्तक हार्ड कॉपी में उपलब्ध है। ई–लाइब्रेरी वेब पेज के साथ–साथ मोबाइल एप्लिकेशन में भी उपलब्ध रहेगी। विश्वविद्यालय के अध्यापक एवं छात्र–छात्राएं एक क्लिक के माध्यम से इस लाइब्रेरी से जुड़ सकेंगे। ई–लाइब्रेरी के शुभारंभ के अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि दून विश्वविद्यालय में ई–लाइब्रेरी की स्थापना एक उत्कृष्ट कार्य है जिसके द्वारा आज ज्ञान को टेक्नोलॉजी से जोड़ा गया है। उन्होंने कहा कि यह सभी विद्यार्थियों के ज्ञान के उत्थान में सहायक सिद्ध होगी। अपने ज्ञान को विकसित और आगे ले जाने के लिए टेक्नोलॉजी का इससे बेहतर उपयोग नहीं हो सकता है। उन्होंने कहा कि इससे विश्वविद्यालय के शिक्षण और शोध में और अधिक लाभ मिलेगा। राज्यपाल ने अन्य विश्वविद्यालयों को इस प्रकार की ई–लाइब्रेरी बनाने के प्रयास करने चाहिए। राज्यपाल ने कहा कि यह डिजिटाइजेशन की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम है। इसका लाभ यह होगा कि जानकारी और ज्ञान में सबकी पहुंच सुनिश्चित की जा सकती है।

## विश्वनाथ चौक से अस्पताल गेट तक नो पार्किंग जोन

उत्तरकाशी : उत्तरकाशी पुलिस ने शहर के विश्वनाथ चौक से लेकर जिला अस्पताल तक नो पार्किंग जोन घोषित किया है। यहां अब वाहनों को खड़ा नहीं किया जा सकेगा। ऐसा करने पर पुलिस चालानी कार्रवाई करेगी।

बुधवार को एसपी अर्पण यदुवंशी ने बताया कि विश्वनाथ चौक से लेकर जिला अस्पताल तक एंबुलेंस वाहन को मरीजों को लाने ले जाने में दिक्कतें होती हैं। कई बार आपातकालीन वाहन जाम में फंस जाते हैं। लिहाजा इसे अब नो पार्किंग जोन घोषित किया गया है। उन्होंने कहा कि एंबुलेंस वाहनों के सुचारु आवागमन हेतु पुलिस ने यह निर्णय लिया है। इस दौरान यातायात पुलिस ने अस्पताल वाले मार्ग पर अनावश्यक रूप से खड़े वाहनों को टो कर कोतवाली उत्तरकाशी ले गई। पुलिस ने उक्त मार्ग पर वाहनों को पार्क न करने की अपील की।

# उत्तराखण्ड में यूपी की दर्ज पर मिलें रिटायरमेंट बेनिफिट रूल्स का लाभ

टिहरी : लोनिवि नियमित वर्कचार्ज कर्मचारी संघ ने टिहरी विधायक किशोर उपाध्याय से मुलाकात कर उन्हें ज्ञापन सौंपकर यूपी की भांति रिटायर बेनिफिट रूल्स 1961 के अनुरूप लाभ दिलवाने की मांग की, नहीं तो कर्मचारियों को इसके अभाव में भारी वित्तीय हानि उठानी पड़ेगी।

विधायक किशोर को सौंपे ज्ञापन में बताया कि यूपी सरकार ने समय-समय वर नियमित वर्कचार्ज कर्मचारियों को रिटायरमेंट बेनिफिट रूल्स का लाभ दिया है। किंतु उत्तराखंड सरकार विधायी एवं संसदीय कार्य विभाग ने अधिनियम जारी किया है कि लोनिवि व सिंचाई विभाग के कुछ कार्मिक न्यायालय जाकर अपने विभाग में की गई वर्कचार्ज की सेवा पेंशन के लिए जुड़वा रहे हैं। जबकि यूपी सरकार ने न्यायालय के आदेशों का पालन करते हुए इस श्रेणी के कार्मिकों को लाभ दिया है। उसी तर्ज पर उत्तराखंड में भी न्यायालय के आदेशों का अनुपालन करते हुए वर्कचार्ज की सेवा को जोड़ते हुए लाभ दिया जाता रहा है। उत्तराखंड सरकार के विधायी व संसदीय विभाग ने अब रिटायरमेंट बेनिफिट रूल्स को संशोधित कर अधिनियम 8 मई, 2023 जारी किया है। जिसमें नियमित वर्कचार्ज कर्मचारी को वित्तीय हानि उठानी पड़ रही है। उनकी मांग है कि 8 मई, 2023 का यह अधिनियम जारी तिथि के बाद के नियमितीकरण प्रक्रिया पर ही लागू हो। इससे पूर्व नियमित हुए कर्मचारियों पर यह नियम न लागू किया जाय। इससे कर्मचारी वित्तीय हानि से बच जायेंगे। इस मामले में विधायक किशोर ने वार्ता कर पूर्ण सहयोग का भरोसा कर्मचारियों को दिया। मुलाकात करने वालों में संघ के जिला महामंत्री धीरेंद्र पैन्यूली, कोषाध्यक्ष विनोद प्रसाद, खंडीय शाखाध्यक्ष विक्रम सिंह, पदम दत्त राणाकोटी आदि शामिल रहे। (एजेंसी)

## घर में घुसी मॉनिटर लिजर्ड ,रेस्क्यू कर जंगल में छोड़ा

विकासनगर। विकासनगर से सटे तेलपुर के एक घर में बुधवार को मॉनिटर लिजर्ड (बड़ी छिपकली) के घुसने से हड़कंप मच गया। छिपकली के घर में आते ही परिवार के लोग बाहर दौड़ पड़े। कुछ देर बाद छिपकली भी घर से बाहर आंगन में आ गई। इससे पूरे गांव में सनसनी फैल गई। बाद में वन विभाग की टीम ने रेस्क्यू कर उसे जंगल में छोड़ा। जानकारी के अनुसार बुधवार दोपहर के समय तेलपुर के मकान में बड़ी छिपकली घुस आई। काफी लंबी और बड़ी छिपकली को देखकर लोग डर गए। जब तक उसे काबू नहीं किया गया, तब तक आसपास के लोग भी इसी डर में रहे कि कहीं यह बड़ी छिपकली उनके घर न पहुंच जाए।

# हरेला पर्व पर जगह—जगह पौधरोपण किया



ऋषिकेश। डोईवाला और आसपास के क्षेत्र में हरेला पर्व धूमधाम से मनाया जा रहा है। बुधवार को हरेला पर विभिन्न जगहों पर पौधरोपण किया गया। स्कूली बच्चों ने रैली के जरिए लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया।

बुधवार को थानो वन रेंज में हरेला पर्व पर पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। डोईवाला विधायक बृज भूषण गैरोला और थानो के रेंजर नत्थीलाल डोभाल ने पूजा अर्चना कर बेल पत्र का पौधा लगाया।

विधायक बृज भूषण गैरोला ने कहा कि पौधों को लगाने के साथ ही इनकी देखरेख और सुरक्षा भी हमारा कर्तव्य है। पेड़–पौधों के बिना मानव जीवन संभव नहीं है। इनके संरक्षण और संवर्धन के लिए सभी को आगे आना चाहिए। थानो वन रेंजर नत्थीलाल डोभाल ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति अपनी खुशी व विशेष दिनों में पौधे अवश्य लगाएं। इसके बाद विधायक बृज भूषण गैरोला ने प्राथमिक विद्यालय भगवानपुर सनगांव में भी पौधरोपण किया और क्षेत्र के लोगों की समस्याओं को सुना। मौके पर प्रधान महेश कुकरेती, मंडल अध्यक्ष अरुण शर्मा, क्षेत्र पंचायत सदस्य जीवन चौहान, संजीव नेगी, मनोज शर्मा, विक्रम सिंह भंडारी, पुनीत रावत आदि मौजूद रहे।

## चोरी के दो आरोपी गिरफ्तार

देहरादून। मोहब्बेवाला स्थित वाणिज्य कर विभाग के चेक पोस्ट के पास दुकान से सामान चोरी में दो आरोपी क्लेमनटाउन थाना पुलिस ने गिरफ्तार किए हैं। एसओ शिशुपाल राणा ने बताया कि राजीव कुमार निवासी दुलेहरा, कुटबा, जिला मुजफ्फनगर ने तहरीर दी। बताया कि 18 जुलाई की रात चेकपोस्ट के पास उसकी दुकान खुली थी। उसे नींद लगी और डेढ़ बजे उठा। इस दौरान देखा तो गल्ला और कुछ अन्य सामान गायब था। उन्होंने तहरीर दी तो पुलिस ने जांच शुरू की। एसओ शिशुपाल राणा ने बताया कि चोरी बुधवार को हनी सिंह बाल निवासी बलीपुर, मीरापुर, जिला मुजफ्फनगर और अलसम निवासी मोहब्बेवाला को गिरफ्तार किया गया।

# मुख्य सचिव की अध्यक्षता में हुई सड़क निर्माण से सम्बन्धित विभागों की बैठक




देहरादून। मुख्य सचिव डॉ. एस.एस. संधु ने लोक निर्माण विभाग, शहरी विकास विभाग, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, एनएचएआई और बीआरओ को अपने अधिकार क्षेत्र में सड़कों के निर्माण में प्लास्टिक वेस्ट के प्रयोग के निर्देश दिए हैं। मुख्य सचिव की अध्यक्षता में बुधवार को सचिवालय में सड़क निर्माण से सम्बन्धित विभागों के साथ आयोजित बैठक में यह निर्देश दिए गए।मुख्य सचिव ने विभागों के लिए लक्ष्य निर्धारित किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शहरी विकास विभाग इसके लिए उपयुक्त प्लास्टिक वेस्ट उपलब्ध कराएगा। उन्होंने कहा कि सभी विभाग अपने अपने स्तर पर भारतीय सड़क कांग्रेस (आईआरसी) के मानकर ' के अनुरूप उचित मात्रा में प्लास्टिक वेस्ट का प्रयोग सुनिश्चित करेंगे। पीएमजीएसवाई भारत सरकार के दिशा निर्देशों के अनुसार प्लास्टिक वेस्ट का प्रयोग करता रहेगा। इस अवसर पर प्रमुख सचिव आर. के. सुधांशु एवं अपर सचिव विनीत कुमार सहित, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, वन विभाग, एनएचएआई, पीएम जीएसवाई, शहरी विकास विभाग एवं बीआरओ के अधिकारी उपस्थित थे।

**संक्षिप्त समाचार**

## जौनसार बावर के 49 मोटर मार्गो पर यातायात ठप

विकासनगर। बारिश बंद होने के बावूजद जौनसार बावर के लोगों की दुश्वारियां कम नहीं हो रही हैं। क्षेत्र के 49 मोटर मार्ग बुधवार को भी नहीं खुल सके, जिसके चलते प्रभावित क्षेत्र के लोग जिला और तहसील मुख्यालय से अलग–थलग पड़े हैं। किसान समय से मंडी तक अपनी उपज नहीं भेज पा रहे हैं।

जौनसार बावर के प्रमुख मोटर मार्गों में एक कोटी इच्छाडी क्वानू मीनस, साहिया क्वानू,चकराता त्यूणी मोटर मार्ग, गौराघाटी रावडी मांथात, रिखाड बिसोई, पिपराड, बंगूर, रायगी कुल्हा, सैजाड, अणु चिल्हाड, राठू गुठाड, रोहटा खड्ड,सरलना खबऊ टुंगरा, ढुगरोली, साहिया समाल्टा, लुहान बांडीधार, डियोडिला थलीन, गडूल डियोडिलानी, होडा मंगरोली, लितला, रानी गांव , शंभू की चौकी पंजिया, नराया लोरली, कोरवा क्वारना, बोहा, टोसियो कच्टा,आरा, साहिया उदपाल्टा, धौधा, साहिया क्वानू, फेडूलानी, उपराल्टा, खमरोली, पुरकुल भितरली किमाडी, सोडा सरोली, डिरनाड, मेघाटू कुल सोडिया, लेल्टा मंडाली, कांडा ट्यूटाड, कुनैन, गौराघाटी रंगेऊ खाटुवा, सैंज चंदेऊ दमन दसेऊ लाखामंडल नाडा मोटर मार्ग बुधवार की देर दोपहर तक पूरी तरह से बंद रहे। देर शाम तक कुछ मोटर मार्गों से मलबा हटा दिया गया। एसडीएम युक्ता मिश्र का कहना है कि लोनिवि और पीएमजीएसवाई को मार्गों को जल्द खोलने के निर्देश जारी किए गए हैं।

## निशुल्क योग शिविर का आयोजन किया

देहरादून। महिला पतंजलि की ओर से सरस्वती विहार स्थित शिव शक्ति मंदिर के पास निशुल्क योग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में लोगों को योगाभ्यास करवाने के साथ ही योग के फायदे भी बताए गए। इस मौके पर तहसील प्रभारी रामप्यारी इस्टवाल, सुनीता राणा, भुमा राणा, आरना राणा, रेनू बिष्ट, नीलम रावत, अंशुल बिष्ट, मंजू, गंगा बिष्ट, सुनीता नेगी, धनवंतरी कनवाली, आशा, निशा, सुनीता नौटियाल आदि मौजूद रहे।

# अपर पुलिस महानिदेशक अमित सिन्हा ने की राज्यपाल से शिष्टाचार भेंट



देहरादून। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से बुधवार को राजभवन में अपर पुलिस महानिदेशक अमित सिन्हा ने शिष्टाचार मुलाकात की। राज्यपाल ने उन्हें ऑल इंडिया मास्टर्स क्लासिक पावर लिफ्टिंग चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने पर बधाई दी।

राज्यपाल ने कहा की अपर पुलिस महानिदेशक जैसे चुनौतीपूर्ण दायित्व का निर्वहन करते हुए पावर लिफ्टिंग में स्वर्ण पदक जीतना प्रशंसनीय है। उन्होंने इस उपलब्धि को युवाओं के लिए भी प्रेरणा स्रोत बताया।

सिन्हा ने हाल ही में विशाखापत्तनम, आंध्र प्रदेश में आयोजित ऑल इंडिया मास्टर्स क्लासिक पावर लिफ्टिंग चैंपियनशिप (120 किलोग्राम भार वर्ग) में स्वर्ण पदक जीता है। उनका चयन मंगोलिया में आयोजित होने वाली विश्व चैंपियनशिप के लिए भी हो गया है।

## हल्दूवाला के लोगों को मिली पब्लिक ट्रांसपोर्ट की सुविधा

देहरादून। हल्दुवाला क्षेत्र में रहने वाले लोगों के लिए अच्छी खबर है। यहां पब्लिक ट्रांसपोर्ट की सुविधा शुरू हो गई है। इस क्षेत्र में लम्बे समय से पब्लिक ट्रांसपोर्ट की मांगी की जा रही थी। संतला देवी से आगे हल्दुवाला गांव तक पब्लिक ट्रांसपोर्ट की सुविधा नहीं थी। बुधवार से इस क्षेत्र में सवारी गाड़ी चलने लगी है। जिला पंचायत उपाध्यक्ष दीपक पुंडीर ने सवारी गाड़ी को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। भाजपा मसूरी मंडल उपाध्यक्ष प्रेम सिंह पंवार ने बताया की अभी तक सवारी गाड़ी परेड ग्राउंड से गढ़ी कैंट और गढ़ी कैंट से जैतनवाला होते हुए संतला देवी तक जाती थी।

# गंगा का जलस्तर बढ़ने पर असुरक्षित घाटों में स्नान पर रोक

ऋषिकेश। गंगा के जलस्तर में लगातार उतार–चढ़ाव को देखते हुए असुरक्षित घाटों पर स्नान पर रोक लगा दी गई है। सुरक्षित घाटों पर ही अब श्रद्धालु स्नान कर सकेंगे। बीते तीन दिनों से गंगा में भारी मात्रा में कचरा और पेड़ बहकर आ रहे हैं। गंगा घाटों पर फिसलन बढ़ने से भी लोग चोटिल हो रहे हैं। कुछ दिनों से गंगा का जलस्तर लगातार घट–बढ़ रहा है। श्रीनगर बांध से लगभग प्रतिदिन भारी मात्रा में कचरा और तलछट आने से पानी डिस्चार्ज करना पड़ रहा है। अधिक जल छोड़ने पर श्रीनगर बांध से पानी छोड़ने की सूचना जारी हो रही है। लेकिन कभी–कभार कम पानी छोड़ने पर जानकारी नहीं दी जाती है। इस कारण तट पर स्नान करने वालों को दिक्कत झेलनी पड़ सकती है। इसलिए प्रशासन ने अब त्रिवेणी घाट, दयानंद सरस्वती घाट, परमार्थ घाट, शत्रुघ्न घाट पर ही स्नान की अनुमति दी है। दूसरे असुरक्षित घाटों पर स्नान पर फिलहाल रोक लगाई गई है। इन दिनों स्नान घाटों पर फिसलन बढ़ने के साथ मलबा जमा होने से स्नान करने वालों को परेशानी हो रही है। ऐसे में प्रशासन कोई जोखिम मोल नहीं लेता चाह रहा है। बीते दिनों जी–20 के विदेशी मेहमानों के लिए त्रिवेणी घाट पर गंगा आरती के लिये विशेष व्यवस्था की गई थी। इसलिये बरसात में त्रिवेणी घाट को ही स्नान के लिए सबसे सुरक्षित माना जा रहा है। सीओ संदीप नेगी ने बताया कि इन दिनों अचानक गंगा का जलस्तर घट–बढ़ रहा है।

# 20 दिन से लापता बच्चों को पुलिस ने गोरखपुर से बरामद किया

देहरादून। 20 दिन पहले कोटड़ा संतोर क्षेत्र से लापता हुए तीन बच्चों को प्रेमनगर थाना पुलिस ने सकुल बरामद कर लिया।

तीनों गोरखपुर जिले के गुरली, रामगढ़ में मिले। वहां पुलिस ने दून लाकर परिजनों को सुपुर्द किया। एसओ प्रेमनगर पीडी भट्ट ने बताया कि 30 जून को कोटड़ा संतोर क्षेत्र में रहने वाले दो सगे भाइयों समेत तीन बच्चे लापता हो गए थे। तीनों बच्चों की उम्र 12, 11 और छह वर्ष है। फोटो लेकर तलाश शुरू की गई तो वह हरिद्वार में दिखाई दिए। वहां पुलिस पहुंची तो पता नहीं लग पाया। कई दिन तलाश के बाद भी पता नहीं लगा। हाल में पता लगा कि वह गोरखपुर में पहुंचे। वहां विधौली चौकी इंचार्ज मिथुन कुमार संग पुलिस टीम को भेजा गया। पुलिस वहां पहुंची तो तीनों को गोरखपुर जिले के गुरली रामगढ़ से बरामद किया गया। हरिद्वार से वह ट्रेन में सवार होकर गोरखुर और फिर गुरली पहुंचे।

यह बच्चों के रिश्तेदार का गांव है। पूछताछ में पता लगा कि तीनों घर से संतला देवी जाने के लिए निकले। इसके बाद अचानक घर वापस नहीं गए।

## कीचड़ से भरी सड़क से गुजरने को मजबूर श्रमिक

विकासनगर। नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत औद्योगिक इकाइयों में काम करने वाले श्रमिकों को कीचड़ से भरे मार्ग से गुजरना पड़ रहा है। यहां वार्ड एक में लोक निर्माण विभाग की सड़क का सुधारीकरण नहीं किए जाने और सड़क किनारे नाली निर्माण नहीं होने से बारिश के पानी से कीचड़ फैल जाता है।

लोक निर्माण विभाग की इस सड़क का सुधारीकरण करने की मांग कई बार की चुकी है। बावजूद इसके इस समस्या की ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा है। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अमित पंवार, विकास कुमार, प्रदीप जोशी, राजेश बाबा, मनोज गुसाईं, अमित नेगी, पवन कुमा, रवि, विनोद कुमार ने बताया कि सड़क का हाल इतना बुरा है कि ऑटो रिक्शा चालकों ने यहां से गुजरना बंद कर दिया है। कीचड़ और पानी भरने से दुपहिया वाहन भी नहीं चलते हैं। कहा कि सिर्फ बरसात में ही कीचड़ नहीं भरता है, बल्कि पूरे साल भर सड़क का हाल यही रहता है।

# हिमालयन प्रीमियर लीग में राइडर्स टीम बनी चैंपियन




ऋषिकेश। स्वामी राम हिमालयन विश्वविद्यालय में आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता हिमालयन प्रीमियर लीग–2023 में राइडर्स–11 की टीम चैंपियन बनी। खिताबी भिडंत में राइडर्स–11 ने कल्पतरू की टीम को 22 रनों से मात दी। बुधवार को जौलीग्रांट स्थित एसआरएचयू में रिक्रिएशन क्लब की ओर से आयोजित हिमालयन प्रीमियर लीग–2023 के अंतिम दिन फाइनल मुकाबला हुआ। फाइनल मुकाबले में राइडर्स–11 की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 12 ओवर में 78 रन बनाए। इसके बाद बल्लेबाजी करने उतरी कल्पतरू की टीम मात्र 56 रन पर ऑलआउट हो गई। इससे यह मुकाबला राइडर्स–11 ने 22 रन से जीत लिया। कुलाधिपति डॉ. विजय धस्माना ने विजेता और उपविजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों को अटूट खेल भावना और खेल कौशल के साथ खेलना चाहिए। हार और जीत दोनों ही खिलाड़ियों को सीख देती है। इस दौरान विजेता टीम राइडर्स को 21 हजार रुपये, जबकि उपविजेता कल्पतरू को 15 हजार रुपये का चेक इनाम के रूप में दिया गया। मौके पर डॉ. प्रकाश केशवया, रूपेश महरोत्रा, रोशन नौगाईं, अमरेंद्र कुमार, संदीप, कुंवर भंडारी, प्रमोद बोरा, किशन बोरा, मनीष गौड़, देव सिंह, देव सिंह, प्रमोद गड़ाकोटी, पवन बलोदी, संजय बिजल्वाण, शुभनेश कुकरेती, डॉ. विनीश अग्रवाल, सोबन नेगी, देवपाल, विक्रम राणा आदि रहे।

# सीडीओ कमठान की अध्यक्षता में हुई 30 सूत्रीय कार्यक्रम की समीक्षा बैठक



देहरादून। मुख्य विकास अधिकारी सुश्री झरना कमठान की अध्यक्षता में विकासभवन सभागार में जिला योजना/राज्य योजना/केन्द्र पोषित/वाह्य सहायतित योजनाओं तथा 30 सूत्रीय कार्यक्रम की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देश दिए कि विभागों को योजनाओं की प्रगति अभी से बढ़ाते हुए शत–प्रतिशत व्यय करने के निर्देश दिए। उन्होंनें निर्माण कार्य करने वाले विभागों को निर्देशित किया कि कार्यों में शत–प्रतिशत प्रगति बढ़ाते हुए प्रमाण–पत्र भी दें। उन्होंने निर्देशित किया कि विभागों के कार्यों की धरातल पर प्रगति की क्रॉस वैरीफिकेशन भी कराई जाएगी। उन्होंने विभागों को निर्देशित किया कि कार्यदाई संस्था के चयन में देरी न करें। साथ ही ध्यान रखें कि सक्षम कार्यदाई संस्था को ही कार्य आवंटित किए जाए। उन्होंने कहा कि धनराशि वापस करने वाले विभागों के संबंधित अधिकारियों पर कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। उन्होंने जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी को निर्देशित किया कि अगले माह से शून्य/न्यून प्रगति वाले विभागों को उनकी ओर से नोटिस प्रेषित करें। उन्होंने कहा कि संबंधित विभागीय अधिकारी 30 सूत्रीय कार्यक्रम की निर्धारित प्रारूप पर रिपोर्ट प्रेषित करना सुनिश्चित करें, जिसकी नियमित समीक्षा की जाएगी। साथ ही निर्देशित किया कि जिन विभागों द्वारा 30 सूत्रीय कार्यक्रम रिपोर्ट/सूचना प्रस्तुत नहीं की गई है वह आज शाम तक सूचना निर्धारित प्रारूप पर प्रेषित करना सुनिश्चित करें। उन्होंने पीएमजीएसवाई के अधिकारियों को निर्देशित किया कि अपनी प्रगति अभी से बढ़ाते हुए कार्यों में शत–प्रतिशत व्यय करना सुनिश्चित करें। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि जिला योजना/राज्य योजना/केन्द्र पोषित/वाह्य सहायतित योजनाओं की प्रगति बढ़ाते हुए मार्च से पूर्व प्राप्त धनराशि को शत–प्रतिशत व्यय करते हुए उपयोगिता प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना सुनिश्चित करेंगे।बैठक में निदेशक ग्राम्य विकास अभिकरण विक्रम सिंह, जिला विकास अधिकारी सुशील मोहन डोभाल, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी शशिकांत गिरी, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ0 विद्याधर कापड़ी, मुख्य उद्यान अधिकारी डॉ0 मिनाक्षी जोशी, मुख्य कृषि अधिकारी लतिका सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी बाल विकास विभाग मोहित चौधरी, जिला पंचायतीराज अधिकारी विद्याधर सोमनाल, महाप्रबंधक जिला उद्योग केन्द्र अंजली रावत, सहायक जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी प्रकाश सिंह भण्डारी, जिला पूर्ति अधिकारी विवेक शाह एवं सिंचाई, शिक्षा, लोनिवि सहित समस्त विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## गुरिल्ला प्रशिक्षितों ने लोकसभा चुनाव के बहिष्कार की दी चेतावनी

**कोटद्वार** : लगातार आंदोलन चलाने के बाद भी समस्याओं का निराकरण नहीं होने पर एसएसबी गुरिल्ला प्रशिक्षितों ने लोकसभा चुनाव के बहिष्कार की चेतावनी दी है। कहा कि सरकार की अनदेखी किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। चौंदकोट में पोखड़ा ब्लाक व एकेश्वर ब्लाक संगठन की बैठक आयोजित की गई। वक्ताओं ने कहा कि प्रदेश व केंद्र सरकार गुरिल्लों के हित को लेकर गंभीरता नहीं दिखा रही है। पूर्व में तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने ग्वालदम वाले प्रशिक्षित गुरिल्लाओं का समायोजन विभिन्न विभागों में किया था। लेकिन, सत्ता में आई भाजपा सरकार ने प्रशिक्षित गुरिल्लाओं को बाहर का रास्ता दिखा दिया है। ऐसे में उनके समक्ष रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है। सदस्यों ने निकाले गए प्रशिक्षित गुरिल्लाओं को दोबारा नौकरी पर रखने, प्रशिक्षित गुरिल्लों को पेंशन भत्ता देने, मृतक गुरिल्ला की महिलाओं को पेंशन देने की भी मांग उठाई। इस मौके पर सहदेव पांथरी, प्रेम सिंह नेगी, मातबर सिंह नेगी, प्रेम सिंह रावत, राजेंद्र सिंह, भगवान सिंह राणा, बिहारी लाल ममगाईं, गब्बर सिंह, कुलदीप सिंह आदि मौजूद रहे।

# बड़े पुलों को तो बचा रहे साहब, बरसाती गदेरों पर बनी पुलिया की भी सुध ले लो

### मालन नदी का पुल ढहने के बाद सरकारी सिस्टम क्षेत्र के बड़े पुलों को बचाने में जुटा , बरसात के समय खतरा बन रही छोटी पुलियाओं पर नहीं दिया जा रहा ध्यान

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : मालन नदी का पुल ढहने के बाद सरकारी सिस्टम क्षेत्र के सभी बड़े पुलों को बचाने की कवायद पर जुट गया है। लेकिन, वार्ड के गली-मोहल्लों को जोड़ने वाले बरसाती गदेरे पर बनी छोटी पुलिया पर किसी का ध्यान नहीं जा रहा है। नतीजा उफान पर बह रहे गदेरों से यह पुलियाएं ताश के पत्तों के समान ढह रही है। सिंचाई विभाग जहां छोटे पुलों को लोक निर्माण विभाग की संपत्ति बताकर पल्ला झाड़ता नजर आ रहा है। वहीं, लोक निर्माण विभाग बड़े पुलों की सुरक्षा में जुटा हुआ है।

11 जुलाई को झंडीचौड़ क्षेत्र में तेलीस्रोत गदेरे में बना पुल स्रोत के तेज बहाव की भेंट चढ़ गया था। इससे वार्डवासियों को आवाजाही में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

यही नहीं क्षेत्र में पनियाली गदेरा, तेलीस्रोत गदेरा, गिवई गदेरा, ग्वालगढ़ गदेरा, बहेड़ा स्रोत, जामुन स्रोत मुख्य बरसाती गदेरे हैं, जिन पर दो दर्जन से अधिक छोटे पुल हैं।

यह पुल क्षेत्र में कई गली-मोहल्लों को आपस में जोड़ते है।

लेकिन, इन पुलों की सुध लेने वाला कोई नहीं है। हालात यह हैं कि गली-मुहल्लों के यह पुल कब धराशायी हो जाते हैं, सरकारी सिस्टम को इसकी सुध भी नहीं रहती।



भाबर क्षेत्र में तेलीस्रोत नदी पर बनी पुलिया का हिस्सा

### अधिकारियों ने कही ये बात

बरसाती गदेरों में बने पुलों की देखरेख का जिम्मा लोक निर्माण विभाग के पास है। सिंचाई विभाग बरसाती गदेरों में बाढ़ सुरक्षा दीवार निर्माण का कार्य देखता है।

**...अजय जॉन, अधिशासी अभियंता, सिंचाई विभाग, कोटद्वार।**

----------------------

बरसाती गदेरों में पुलियाओं की मरम्मत का बजट वार्षिक मरम्मत मद से निकाला जाता है। पुलियाओं की स्थिति को लेकर फिलहाल कोई रिपोर्ट नहीं बनाई गई है।

**...सत्यप्रकाश, सहायक अभियंता, लोनिवि दुगड्डा।**

### पुलिया के पिल्लर हो रहे खोखले

क्षेत्र में कई पुलिया के पिल्लर नीचे से खोखले हो रहे हैं। ऐसे में इससे आवाजाही करने वालों को हर समय दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है।

आमपड़ाव-मानपुर को जोड़ने वाली पुलिया का भी यही हाल है। लोक निर्माण विभाग की ओर से अभी तक इन पुलों की ओर कोई ध्यान नहीं दिया गया है।

### पेड़ फंसने से होता है जलभराव

बरसाती गदेरों पर बने पुल कई मर्तबा बाढ़ का कारण भी बनते हैं। दरअसल, वन क्षेत्र से शहर की ओर आने वाले इन बरसाती गदेरों में कई बार पेड़ भी बहकर आते हैं, जो गदेरों में बनी पुलिया में फंस जाते हैं। जिससे गदेरे का प्रवाह अवरुद्ध हो जाता है व गदेरे का पानी आवासीय कालोनियों में भर जाता है। पनियाली गदेरे में पुलों के कारण आई बाढ़ से अभी तक कई लोग अनायास ही काल का ग्रास बन गए। अन्य गदेरों में जन हानि तो नहीं हुई। अलबत्ता, घरों में गदेरे का पानी घुसने के कारण लोगों को नुकसान काफी हुआ।

# पेड़ हमारे जीवन के लिए अनिवार्य, गंभीरता से करें इनका संरक्षण

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : कण्वघाटी स्थित अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कालेज की ओर से पर्यावरण संरक्षण को लेकर रैली निकाली गई। इस दौरान विद्यार्थियों ने आमजन को पर्यावरण के प्रति जागरूक किया। कहा कि पेड़ हमारे जीवन के लिए अनिवार्य है।

प्रधानाचार्य आरके कुकरेती व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के प्रतिनिधि दीपक रावत के नेतृत्व में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

वक्ताओं ने विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण के महत्व के बारे में बताया। कहा कि पर्यावरण संरक्षण के बिना हम धरती पर जीवन की कल्पना भी नहीं कर सकते। समाज के प्रत्येक व्यक्ति को पर्यावरण संरक्षण के लिए कार्य करना होगा। इस मौके पर आयोजित निबंध प्रतियोगिता के सीनियर वर्ग में वैशाली, रितिका व जिज्ञासा, जूनियर वर्ग राधिका, मीनाक्षी व वंदना ने प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे। कला प्रतियोगिता जूनियर वर्ग में तनीषा व सीनियर वर्ग में मनीषा अव्वल रही। विद्यालय प्रबंधक ने प्रतियोगिता के अव्वल विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए उनका मनोबल बढ़ाया। इसके उपरांत विद्यालय के आसपास आबादी क्षेत्र में जागरूकता रैली भी निकाली गई। जिसमें विद्यार्थियों ने लोगों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस मौके पर उमेश चंद्र, कविता बिष्ट रावत, अमृतपाल, अनुराधा जोशी, केके शर्मा, पीएल प्रभाकर, रघुवीर सिंह गुसाईं, पुष्पा नेगी, मंजू नेगी, पंकज सिंह नेगी, महेश चंद्र रजवार आदि मौजूद रहे।




पर्यावरण संरक्षण को लेकर रैली निकालते विद्यार्थी

## दुष्कर्म के प्रयास का आरोपी पिता गिरफ्तार

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : कोटद्वार नगर निगम के अंतर्गत नाबालिग बेटी के साथ दुष्कर्म का प्रयास करने वाले आरोपी पिता को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

पीड़िता की बड़ी बहन की ओर से इस संबंध में कोतवाली में तहरीर दी थी। पुलिस को दी तहरीर में उसने बताया था कि उसके पिता ने शराब के नशे में उसकी छोटी बहन से दुष्कर्म का प्रयास किया। बहन ने इसका विरोध किया तो पिता ने उसके साथ मारपीट की और किसी को भी घटना के बारे में बताने पर जान से मारने की धमकी दी। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मणिभूषण श्रीवास्ताव ने बताया कि आरोपी के खिलाफ पॉक्सो के तहत मुकदमा दर्ज कर बुधवार सुबह उसे गिरफ्तार कर लिया है।

# मातृ-पितृ विहीन चार छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति प्रदान की

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : विकासखंड जहयरीखाल क्षेत्र के अन्तर्गत राजकीय इण्टर कालेज सेंधीखाल में उत्तरांचल लोक साहित्य एवं सांस्कृतिक मंच कोटद्वार द्वारा मातृ-पितृ विहीन चार छात्र-छात्राओं को आर्थिक सहायता के रूप में छात्रवृत्ति प्रदान की गई।

इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष सत्यप्रकाश थपलियाल ने कहा कि हर वर्ष संस्था गरीब, असहाय, निशक्त बच्चों की सहायता के लिए तत्पर रहती है, ताकि बच्चों की पढ़ाई में किसी भी प्रकार का व्यवधान न आए तथा वह निरन्तर आगे बढ़ते रहें। विद्यालय के प्रधानाचार्य साधो सिंह बिष्ट ने संस्था का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संस्था निकट भविष्य में भी इस तरह बच्चों का मनोबल बढ़ाने के साथ-साथ उनके भविष्य निर्माण में भी सहायक सिद्ध होगी। उन्होंने कहा कि छात्र आदित्य रावत कक्षा आठ, ईशिका कक्षा 10, अंजलि एवं शीतल कक्षा 11अ को तीन-तीन हजार रूपये छात्रवृत्ति के रूप में दिए गए। इस अवसर पर संस्था के सचिव अजयपाल सिंह रावत, उपाध्यक्ष बीएल खंतवाल सहित विद्यालय के समस्त शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन दौलत सिंह गुसांई ने किया।



राइंकॉ सेंधीखाल में छात्रा को छात्रवृत्ति प्रदान करते हुए शिक्षक।

## रूपेंद्र नेगी बने सोशल मीडिया विभाग के प्रदेश महामंत्री

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सोशल मीडिया अध्यक्ष विकास नेगी द्वारा कोटद्वार निवासी रूपेंद्र नेगी को सोशल मीडिया विभाग का प्रदेश महामंत्री व सिमलचौड़ निवासी प्रमोद रावत को प्रदेश सचिव नियुक्त किया गया है। वहीं किसान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष हरमिंदर सिंह द्वारा कोटद्वार नगर निगम के पूर्व पार्षद गुड्डू सिंह चौहान को किसान कांग्रेस का प्रदेश सचिव नियुक्त किया गया है।

तीनों नव नियुक्त पदाधिकारियों का कांग्रेस कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं ने फूल मालाओं से स्वागत किया। जिलाध्यक्ष विनोद डबराल ने नव नियुक्त तीनों पदाधिकारियों से संगठन को मजबूत बनाने और पार्टी की नीतियों को आगे बढ़ाने की अपील की। वहीं नव नियुक्त पदाधिकारियों ने भी अपने दायित्वों पर खरा उतरने की बात कही। इस अवसर पर महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष रश्मि पटवाल, बलबीर सिंह रावत, जनक भाटिया, मनवर सिंह, विनोद नेगी, सुधा असवाल, नीलम रावत, विजय नेगी, राजीव जखमोला, संदीप रावत, सूरज कांति और देवेंद्र सिंह आदि मौजूद थे।

## पुलिस कांस्टेबल भर्ती में आयु सीमा बढ़ाने की मांग

**कोटद्वार** : बीएड प्रशिक्षित युवा संघ ने सरकार से पुलिस कांस्टेबल भर्ती में उम्र सीमा बढ़ाने की मांग की है। यहां आयोजित बैठक में प्रवक्ता अरविंद दुदपुड़ी ने कहा कि वर्तमान में पुलिस कांस्टेबल भर्ती में उम्र सीमा 23 वर्ष रखी गई है। वर्तमान में देखा जा रहा है कि समय से भर्ती न निकलने के कारण युवा बिना भर्ती के ओवरएज हो रहे हैं। यह युवाओं के लिए चिंता का विषय बन गया है। इसलिए पुलिस भर्ती में युवाओं के लिए भर्ती की उम्र सीमा 28 वर्ष की जानी चाहिए। बैठक में प्रथम जोशी, मनीष घिल्डियाल, सौरव नेगी, संध्या बडोला, सुधाकर रावत, अजय रावत, आयुषी पोखरियाल और पूजा खंतवाल आदि थे।

# अग्निशमन विभाग ने चलाया अभियान, प्रतिष्ठानों व मॉल में उपकरणों की जानी स्थिति

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : आग की घटनाओं को रोकने के लिए अग्निशमन विभाग की ओर से लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत विभाग ने देवी रोड स्थित मॉल व अन्य प्रतिष्ठानों में पहुंचकर अग्निशमन उपकरणों के बारे में जानकारी ली। कहा कि आपदा से संबंधित उपकरणों के रख-रखाव में लापरवाही दिखाने वाले व्यापारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

अग्निशमन अधिकारी इसम सिंह के नेतृत्व में देवी रोड स्थित माल व प्रतिष्ठानों में निरीक्षण अभियान चलाया गया। टीम ने प्रतिष्ठानों में लगे फायर हाईड्रेंट व अन्य उपकरण को भी चैक किया। अधिकांश प्रतिष्ठानों में लगे उपकरण कार्यशील स्थिति में नहीं थे। जिस पर दमकल कर्मियों ने व्यापारियों को उपकरणों की जांच करवा कर उन्हें कार्यशील स्थिति में रखने के सख्त निर्देश दिए। कहा कि अगली बार लापरवाही दिखाने वाले व्यापारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। अभियान के दौरान प्रतिष्ठान के कर्मचारियों को आपदा से बचाव के तरीके भी बताए गए। कहा कि कहीं भी आपदा से संबंधित घटना होने पर इसकी सूचना तुरंत दमकल विभाग को दें। जागरूकता से ही आपदा की घटनाओं पर विराम लगाया जा सकता है।



कोटद्वार के देवी रोड में कर्मचारियों को आपदा से बचाव की जानकारी देते अधिकारी

## जनाधिकार मंच ने उपजिलाधिकारी को दिया ज्ञापन

**कोटद्वार** : जनाधिकार मंच ने पनियाली गदेरे के आसपास अतिक्रमण कर भवनों में रहने वाले लोगों को अन्यत्र शिफ्ट करने की मांग की है। कहा कि लगातार उफान पर बह रहे गदेरे से दुर्घटनाओं का खतरा बना हुआ है। इस संबंध में मंच के अध्यक्ष आशाराम ने उपजिलाधिकारी को ज्ञापन दिया। बताया कि प्रतिवर्ष पनियाली गदेरा क्षेत्र में तबाही मचाता है। कुछ वर्ष पूर्व गदेरे की चपेट में आने से एक महिला भी बह गई थी। जिसके बाद प्रशासन ने गदेरे के आसपास अतिक्रमण को चिन्हित करते हुए खतरे की जद में आए भवनों को खाली करवाया था। लेकिन, अब इन लोगों ने दोबारा भवनों में रहना शुरू कर दिया है। कहा कि जान-माल के खतरे को देखते हुए प्रशासन को भवनों में रहने वाले लोगों को अन्यत्र शिफ्ट करना चाहिए।

## शहर कांग्रेस अध्यक्ष ने किया कार्यकारिणी का विस्तार

**श्रीनगर** : शहर कांग्रेस कमेटी की पीसीसी वीरेंद्र सिंह नेगी व पूनम तिवाड़ी की मौजूदगी में बैठक आहुत की गई। मौके पर शहर कांग्रेस अध्यक्ष सूरज घिल्डियाल ने शहर कांग्रेस कार्यकारिणी का विस्तार किया। जिसमें उपाध्यक्ष पद राकेश भंडारी, राकेश चमोली, जीत सिंह बिष्ट, शिव सिंह रावत, ललित तनेजा, रणजीत सिंह धनाई, हाजी अख्तर, महासचिव पद पर विपिन रावत, शिवकांत कंडारी, शिवलाल, आदित्य भंडारी, महेंद्र असवाल, सोवित जोशी, बलवीर रावत, अंजू भट्ट जेएस पुंडीर व भगत सिंह डागर को नियुक्त किया गया। जबकि सचिव पद पर जगमोहन सिंह रावत, कुलदीप धनाई, वकील अहमद, अमित नेगी, कपिल रावत, कोषाध्यक्ष पद पर नीटू मिश्रा, मीडिया प्रभारी पद पर लाल सिंह नेगी, माही बर्त्वाल, शंकर सिंह रावत, हुकम सिंह पंवार को जिम्मेदारी दी गई। दूसरी ओर सुनील गिरी को ओबीसी प्रकोष्ठ का अध्यक्ष बनाया गया। बैठक में संजय कुमार, विनोद मैठाणी, रजनी देवी, विजय रावल, शमीम अहमद आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

# विद्यार्थियों ने लगाए पौधे, लिया पौधों की सुरक्षा व पानी डालने का संकल्प

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : नैनीडांडा ब्लॉक के जनता इंटर कॉलेज चैड चैनपुर में हरेला पर्व के तहत विद्यालय परिसर में 35 फलदार, छायादार और औषधीय प्रजाति के पौधे लगाए गए। साथ ही उनकी सुरक्षा का भी संकल्प लिया।

विद्यालय के प्रधानाचार्य एसएस रावत ने छात्रों को वृक्षारोपण और पेड़ पौधों के महत्व के बारे में जानकारी दी। कहा कि प्रत्येक कक्षा के छात्र-छात्राओं को अलग-अलग समूहों में बांटकर पेड़ों को लगाने, उसकी सुरक्षा और खाद पानी देने की जिम्मेदारी दी गई। वरिष्ठ शिक्षक धनपाल सिंह रावत ने बच्चों को सुलेख, चित्रकला, स्लोगन प्रतियोगिता के बारे में जानकारी दी। साथ ही प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने के लिए बच्चों को प्रोत्साहित किया। उन्होंने भविष्य में सुरक्षित जीवन और पर्यावरण संतुलन के लिए पौधे लगाने और उनके देखरेख करने की अपील छात्रों से की। कहा कि मानव ने अपने स्वार्थों की पूर्ति के लिए बड़े पैमाने पर पेड़ों को काट दिया, नतीजा सबके सामने है दुनिया महामारी, प्राकृतिक आपदाओं, ग्लोबल वार्मिंग की समस्या झेल रही है। अभी सचेत न हुए तो आने वाला कल बहुत ही भयावह होगा। उन्होंने छात्रों से पर्यावरण को बचाने के अधिक से अधिक पौधे लगाने का आह्वान किया। इस अवसर पर अध्यापक संजय रावत, मोहन सिंह, ठाकुर सिंह रावत, जितेंद्र सिंह कंडारी, धनपाल कंडारी सहित छात्र-छात्राओं ने वृक्षारोपण किया।



## सीडीओ को सौंपी समिति के नोडल अधिकारी की जिम्मेदारी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ी** : जल संरक्षण एवं संवर्धन के लिए जिलाधिकारी ने जिला स्तर पर समिति का गठन किया गया है। डीएम ने मुख्य विकास अधिकारी को जिला स्तरीय नोडल अधिकारी के रूप में नियुक्त किया है और एक सप्ताह के भीतर इसकी कार्य योजना बनाने, समिति के सदस्यों के मध्य समन्वय एवं पर्यवेक्षण करने के निर्देश दिए हैं। डीएम ने अधिशासी अभियंता सिंचाई खंड श्रीनगर को सदस्य सचिव नामित करते हुए सभी विभागों की प्रगति रिपोर्ट दैनिक और साप्ताहिक आधार पर संकलित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने सिंचाई, लघु सिंचाई, जल निगम और जल संस्थान, कृषि, जलागम, वन विभाग, उद्यान विभाग को स्वयं आवंटित कार्यों के साथ-साथ तकनीकी सहयोग प्रदान करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने ग्राम्य विकास एवं पंचायतीराज विभाग को ग्राम स्तर पर उक्त उद्देश्यों का व्यापक प्रचार-प्रसार एवं जन सहभागिता हेतु ग्राम पंचायत स्तर पर कार्यों की देख-रेख की जिम्मेदारी गांव के प्रबुद्ध जनों, स्वयं सहायता समूहों एवं महिला मंगल दलों को सौंपे जाने की कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं।

## मंगल पांडेय की याद में किया पौधा रोपण

**कोटद्वार** : वन कर्म अधिकारी कल्याण समिति की ओर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी मंगल पांडेय की याद में पौधा रोपण किया गया। इस दौरान सदस्यों ने लगाए गए पौधों के संरक्षण का भी संकल्प लिया।

पूर्व वन क्षेत्र अधिकारी आरपी पंत, धर्मानंद ध्यानी, जेएस रमोला के नेतृत्व में अभियान चलाया गया। सदस्यों ने दस आंवले, पांच अर्जुन के पौधों का रोपण किया। कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए हम सभी को एकजुट होकर कार्य करना होगा। पर्यावरण की सुरक्षा से ही हम भविष्य को सुरक्षित कर सकत है। इस मौके पर राजेंद्र जजेड़ी, देवमणी पांडे आदि मौजूद रहे।

# गाय के साथ कुकृत्य मामले में द्वाराहाट में हिंदूवादी संगठन आक्रोशित



अल्मोड़ा। मंगलवार रात द्वाराहाट में एक समुदाय विशेष के व्यक्ति द्वारा गाय के साथ अमानवीय कृत्य किए जाने की घटना सामने आने के बाद हिंदूवादी संगठनों में आक्रोश है। बुधवार को हिंदूवादी संगठनों ने बाजार में जुलूस निकाला और समुदाय विशेष के लोगों की दुकानें बंद करा दी। इस बीच आरोपी को पकड़कर कर पुलिस को सौंपा गया है। आरोपी का मेडिकल परीक्षण कराने के बाद पशु क्रूरता निवारण अधिनियम के तहत अभियोग पंजीकृत कर कार्यवाही की जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार आरोपी जहारुद्दीन जो कि बिहार का बताया जा रहा है गाय के साथ कुकृत्य करता हुआ पाया गया। घटना से क्षेत्र में जबरदस्त आक्रोश है। बुधवार को द्वाराहाट में हिंदूवादी संगठनों ने प्रदर्शन के साथ बाजार में जुलूस निकाला और नारेबाजी करते हुए समुदाय विशेष की सभी दुकानों को बंद करा दिया। इस बीच शीतला पुष्कर मैदान द्वाराहाट में एक बैठक का आयोजन करते हुए भविष्य में होने वाली इस तरह की घटनाओं से निपटने के लिए एक कमेटी गठित करने का निर्णय लिया गया। जिसमें तमाम क्षेत्र के हिंदूवादी संगठनों के लोगों को शामिल करने की बात कही गई,

## कपकोट में चेकडैम और पानी सप्लाई को 193.25 लाख मंजूर

बागेश्वर। क्षेत्र में चेकडैम निर्माण और जल वितरण प्रणाली में सुधार होगा। इसके लिए नाबार्ड वित्त पोषित योजना से 193.25 लाख रुपये की धनराशि अवमुक्त हो गई है। शीघ्र निर्माण कार्य प्रारंभ होंगे। आपदा की दृष्टि से कपकोट क्षेत्र जोन पांच में आता है। स्थानीय गधेरों में बाढ़ आने से खेती को सबसे अधिक नुकसान हो रहा है। इसके लिए सरकार ने कपूरी और नौकोड़ी के लिए 12–12 चेकडैम निर्माण को हरी झंडी दे दी है। जिसके लिए 94.73 लाख रुपये अवमुक्त कर दिए हैं। जबकि इन गांवों के लिए पेयजल वितरण प्रणाली में सुधार के लिए 98.52 लाख रुपये दिए हैं। वह लंबे समय से पेयजल की दिक्कत दूर करने की मांग कर रहे थे। स्थानीय जलस्रोतों का दूषित पानी पी रहे थे। अब उन्हें साफ पानी उपलब्ध हो सकेगा।

# दैनिक उपभोग की वस्तुओं की कीमतें आम आदमी की पहुँच से हो रही बाहर: गीता मेहरा



अल्मोड़ा। जिला कांग्रेस कमेटी की महासचिव गीता मेहरा ने बढ़ती महंगाई पर गहरा रोष व्यक्त किया है। प्रेस को जारी एक बयान में उन्होंने कहा कि वर्तमान में दैनिक उपभोग की वस्तुओं के दाम इतने बढ़ चुके हैं कि मध्यम वर्ग एवं गरीब वर्ग के सामने अपने परिवार का भरण पोषण करना तक मुश्किल हो गया है। दैनिक उपभोग की सभी वस्तुओं यथा खाद्यान्न, दालें, सब्जियों, दवाईयों, तेल, पेट्रोल, डीजल की कीमतें आज आम आदमी की पकड़ से बाहर होती जा रही हैं। उन्होंने कहा कि अच्छे दिनों का सपना दिखा कर सत्ता में आई भाजपा सरकार महंगाई को नियंत्रित कर जनता को राहत देने में पूरी तरह असफल साबित हुई है। आज भाजपा सरकार की नाकामी के कारण मध्यम वर्ग एवं गरीब वर्ग परेशान है। आज किसी भी सब्जी का मूल्य पचास रूपये किलो से कम नहीं है। टमाटर एक सौ रूपये किलो से ऊपर चला गया है। ऐसे में कैसे मध्यमवर्गीय व्यक्ति अपने परिवार का भरण पोषण करेगा ये सोचने वाली बात है। उन्होंने कहा कि इससे सबसे ज्यादा महिलाएं प्रभावित हो रही हैं। इस बढ़ती महंगाई से उनकी रसोई का बजट बिगड़ गया है। गीता मेहरा ने कहा कि महंगाई को नियंत्रित ना कर पाना स्पष्ट रूप से भाजपा सरकार की नाकामी है। उन्होंने कहा कि इस महंगाई को लेकर वे कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ जनता के बीच में जाएंगी। विदित हो कि गीता मेहरा कांग्रेस की बेहद सक्रिय कार्यकत्री हैं तथा लगातार जनसरोकार के मुद्दे बड़े प्रभावी ढंग से उठाती रहती हैं।

# माउण्टेन ड्राइविंग स्कूल आईटीबीपी कोसी में प्रशिक्षुओं को दी यातायात नियमों की जानकारी



अल्मोड़ा। माउण्टेन ड्राइविंग स्कूल आईटीबीपी कोसी में सेनानायक पुनीत सचदेवा की उपस्थिति में अल्मोड़ा पुलिस के यातायात उपनिरीक्षक अयूब अली द्वारा आईटीबीपी के विभिन्न लोकेशनों से रोड ड्राइविंग का अभ्यास करने आए चालकों को रोड साईन, रोड सेंस, हाइवे कोड एवं यातायात नियमों के बारे में भली–भाँति जानकारी दी गई। इस दौरान ट्रैफिक पुलिस द्वारा किए जाने वाले संकेतों को उदाहरण सहित समझाया गया, ट्रैफिक चिन्हों में किस चिन्ह पर चालक को क्या कार्यवाही करनी या नही करनी चाहिये विस्तारपूर्वक समझाया गया और यातायात नियमों के बारे में व उनके उल्लंघन पर मोटर वाहन अधिनियम में की जाने वाले चालानी कार्यवाही के बारे में भी समझाया गया। इस दौरान आईटीबीपी के अधिकारी/कर्मचारीगण व अल्मोड़ा पुलिस के हैड कांस्टेबल मनोहर राम, कांस्टेबल ललिता प्रसाद मौजूद रहे।

## प्रशासन सचेत होता तो बेकसूरों की जान बच जाती : आर्य

हल्द्वानी। नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने चमोली जिले में नमामि गंगे प्रोजेक्ट की साइट पर हुए हादसे पर संवेदना जताई है।

उनका कहना है कि करंट लगकर चौकीदार की मौत के बाद यदि समय रहते विभाग और प्रशासन सचेत हो जाता तो मानव जनित इस दुर्घटना में बेकसूर गांव वालों और पुलिस कर्मियों को बचाया जा सकता था।

मीडिया को जारी बयान में नेता प्रतिपक्ष आर्य ने कहा कि दुर्घटना में घायलों की संख्या भी अधिक है। राज्य सरकार को उन्हें उचित चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करानी चाहिए। इसके अलावा दुर्घटना स्थल अलकनंदा नदी से लगा है, ऐसे में प्रशासन को अलकनंदा नदी में भी खोज अभियान चलाना चाहिए।

# अपराधियों की धरपकड़ में तेजी लाएं: एसएसपी

हल्द्वानी। एसएसपी पंकज भट्ट ने बुधवार को कोतवाली स्थित सभागार में थाना प्रभारियों के साथ अपराध समीक्षा बैठक की। उन्होंने कहा कि अपराधियों की धरपकड़ तेज करें, कोर्ट संबंधित प्रक्रियों को गंभीरता से लें। इससे पूर्व कर्मचारी सम्मेलन में एसएसपी ने थाना, चौकी प्रभारियों से कहा कि अगर किसी भी पुलिसकर्मी को कोई समस्या है तो उन्हें मासिक सम्मेलन में लेकर आएं, जिससे समस्या का समाधान कराया जा सके।

एसएसपी भट्ट ने सत्यापन की कार्रवाई तेज करने, वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी, नशे पर अंकुश लगाने, नकबजनी, चोरी व लूट की घटनाओं के मुकदमों में कार्रवाई करने, गैंगस्टर एक्ट के तहत अधिक से अधिक कार्रवाई करने, पॉक्सो व बलात्कार जैसे अपराधों की विवेचना निर्धारित समयावधि में पूरी करने को कहा। विवेचनाओं की गुणवत्ता में सुधार और सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए चेकिंग अभियान चलाने के निर्देश दिए। यहां एसपी क्राइम/यातायात डॉ. जगदीश चंद्र, एसपी सिटी हरबंस सिंह, संयुक्त निदेशक विधि हीरा सिंह राणा, सीओ लालकुआं संगीता, सीओ रामनगर बलजीत सिंह भाकुनी, सीओ नैनीताल विभा दीक्षित, सीओ भवाली नितिन लोहनी, मुख्य अग्निशमन अधिकारी गौरव किरार रहे।

**इन्हें किया सम्मानित**

जिले में प्रभावी पुलिसिंग के लिए आदेश कुमार निरीक्षक यातायात नैनीताल, धर्मवीर सोलंकी प्रभारी निरीक्षक मल्लीताल, रोहताश सिंह थानाध्यक्ष तल्लीताल, एसआई मनोज कुमार एलआईयू, एएस-ाआई बलवंत सिंह पुलिस दूरसंचार, एएसआई जितेंद्र सिंह, सिपाही दीपक बबाड़ी, हेड कांस्टेबल शिवराज सिंह, नरेश कोहली, प्रेम सिंह, सिपाही शाहिद अली, वीरेंद्र गोले, चनी राम, मुकेश नेगी, विजेंद्र सिंह, प्रकाश बड़ाल, ललित बिनवाल, महिला सिपाही सर्वेश चौधरी, दिलशाद और भानु प्रताप ओली को सम्मानित किया।

## दुकानदार को तंमचे की बट से घायल किया

रुद्रपुर। दुकान के विवाद के चलते दो भाइयों पर पड़ोस के दुकानदार को तंमचे के बट से घायल करने का आरोप लगा है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। शिवनगर ट्रांजिट कैंप निवासी राजकुमार पुत्र इंद्र सागर ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि उसकी श्मसान घाट रोड वार्ड नंबर सात स्थित एक सरकारी कैंटीन है। मंगलवार रात आठ बजे उसकी दुकान पर हरिचन्द वैरागी और सुमित वैरागी तमंचा लेकर गाली–गालौज करने लगे। आरोप है कि विरोध करने पर सुमित वैरागी ने तंमचे की बट से उसके सिर पर वार कर दिया। इससे वह गंभीर रूप से घायल होगा। यह देख दुकान में मौजूद अभिजीत विश्वास, सोनू सरकार ने सुमित वैरागी के हाथ से तमंचा छीना लिया। पुलिस ने दोनों भाइयों पर मुकदमा दर्ज कर दिया है।

# सांसद अजय टम्टा ने किया भाजपा नगर मंडल के वृक्षारोपण कार्यक्रम में प्रतिभाग



अल्मोड़ा। भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल के तत्वावधान में बुधवार को हरेला सप्ताह के अंतर्गत गंगनाथ मंदिर क्षेत्र में वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर सांसद अजय टम्टा ने कहा कि वृक्ष ही जीवन का आधार है। उत्तराखंड राज्य का 65 प्रतिशत भू भाग वनों से आच्छादित है, हमें इसे बनाए रखने के लिए अधिक से अधिक वृक्षों का रोपण करना चाहिए, ताकि हमारा पर्यावरण सुरक्षित रह सके। वृक्षारोपण की समाप्ति के पश्चात कार्यकर्ताओं द्वारा टिफिन बैठक का भी आयोजन किया गया जिसमे सांसद अजय टम्टा ने प्रतिभाग किया। इसके अलावा भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में भी फलदार वृक्षों का रोपण किया गया। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष कैलाश शर्मा, पूर्व दर्जा राज्यमंत्री गोविंद सिंह पिलख्वाल, जिला महामंत्री धर्मेंद्र बिष्ट, जिला उपाध्यक्ष कैलाश गुरुरानी, नगर अध्यक्ष अमित साह, जिला मंत्री महेश बिष्ट, नगर महामंत्री मनोज जोशी, अर्जुन बिष्ट, नगर उपाध्यक्ष सौरभ वर्मा, दर्शन रावत, जिला आईटी संयोजक गोविंद मटेला, कृष्णा सिंह, ललित मेहता, आशीष कुमार, नमन गुरुरानी, पारस कांडपाल सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## मुखानी से एसटीएच तक सिटी मजिस्ट्रेट ने चलाया अभियान

हल्द्वानी। मुखानी चौराहे से एसटीएच तक सड़क किनारे यातायात बाधित कर रहे वाहनों के खिलाफ जिला प्रशासन ने अभियान चलाया।

लोगों की शिकायत के बाद बुधवार को सिटी मजिस्ट्रेट ऋचा सिंह ने अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने सड़क किनारे अवैध रूप से खड़े वाहनों को हटाया। साथ ही दुकान के बाहर सड़क में समान फैलाए लोगों का समान हटवाने की साथ उन्हें चेतावनी भी दी। मुखानी रोड से लगे अस्पताल प्रबंधन को अस्पताल के आगे सड़क पर वाहन नहीं खड़े करने को चेताया। सिटी मजिस्ट्रेट ऋचा ने बताया कि फिलहाल चेतावनी दी जा रही है।

# काठगोदम डिपो की बस नगीना के पास ट्राले से टकरायी

हल्द्वानी। हरिद्वार से हल्द्वानी आते समय काठगोदाम डिपो की बस नगीना के पास ट्राले में पीछे से टकरा गई। हादसे में चालक–परिचालक गंभीर रूप से घायल हो गए। जबकि सात यात्रियों को मामूली चोट आई है। सभी यात्रियों को दूसरी बस से गंतव्य को भेजा गया। काठगोदाम रोडवेज की बस (यूके07पीए 4181) रोज काठगोदाम हरिद्वार का चक्कर लगाती है। मंगलवार को हरिद्वार से लौटते समय बस रात करीब एक बजे नगीना टोल प्लाजा के पास आगे चल रहे एक ट्राला के पीछे जा टकराई। हादसे में कालाढूंगी निवासी बस परिचालक गौरव बिष्ट गंभीर घायल हो गए। कालाढूंगी निवासी चालक डीके जोशी का पांव में फ्रेक्चर हो गया। वहीं बस में सवार सात यात्रियों को मामली चोट आई। काठगोदाम डिपो के इंचार्ज डीएन जोशी ने बताया कि गौरव को 108 की मदद से बिजनौर के अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां सिटी स्कैन करने पर सिर में गंभीर चोट होने की बात सामने नहीं आयी है। उन्होंने बताया कि वह अपने साथ ही गौरव को हल्द्वानी ला रहे हैं। वहीं सभी यात्रियों को दूसरी बस से गंतव्य को भेज दिया गया है।

कर्मचारी संगठन हमेशा से ही अप–डाउन सेवा का विरोध कर रहे हैं। यह हादसा भी अप–डाउन सेवा के चलते हुई हैं। दुर्घटना हुई बस दोपहर काठगोदाम से चली व रात को हरिद्वार से वापसी कर काठगोदाम डिपो पहुंचना होता है। लौटने के दबाव के चलते इस तरह के हादसे हो रहे हैं। निगम प्रबंधन को चालक परिचालक व यात्रियों के हित में अप–डाउन सेवा को बंद करना चाहिए।

## 3.25 ग्राम स्मैक के साथ एक दबोचा

चम्पावत। टनकपुर में 3.25 ग्राम स्मैक के साथ पुलिस ने एक युवक को दबोचा। पकड़े गए युवक पर पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है। एसपी देवेंद्र पींचा के निर्देश पर मादक पदार्थों की रोकथाम के लिए चलाए गए ऑपरेशन क्रैकडाउन के तहत पुलिस ने ये कार्रवाई की है।

# सरकारी संपत्ति पर अतिक्रमण हटाना आवश्यक: टम्टा

बागेश्वर। सरकारी भूमि में किए गए अतिक्रमण को हटाने के लिए प्रशासन को सख्त कदम उठाने होंगे। सरकार इसके लिए गंभीर है।

नदी व नालों में अतिक्रमण से आपदा के बढ़ने का खतरा बना रहता है, इस पर प्रशासन ध्यान दे तथा शीघ्र कार्य करें। यह बात सांसद अजय टम्टा ने कही है। सांसद अजय टम्टा ने कहा कि अतिक्रमण के खिलाफ प्रदेश सरकार सख्त है। मुख्यमंत्री ने भी आदेश दिए हैं। सीएम के आदेश का पालन करना जिला प्रशासन का काम है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन को जनपद में सरकारी भूमि के साथ ही नदी व नालों में किए गए अतिक्रमण को हटाना चाहिए।

उन्होंने कहा कि अतिक्रमण से जहां आम जनता को परेशानी होती है, वहीं इससे बरसात में नदी नाले रौद्र रूप में आकर नुकसान पहुंचाते हैं। कहा कि जिला प्रशासन को चाहिए कि वह नगर समेत ग्रामीण क्षेत्रों में सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त करे। साथ ही जनपद में जिन स्थानों में अब तक नदी नालों में अतिक्रमण हुआ है उसे तत्काल प्रभाव से हटाने का कार्य करे, ताकि किसी प्रकार का नुकसान न हो व सरकार के आदेश का पालन हो। इससे पूर्व मुख्यमंत्री ने अतिक्रमण हटाने के आदेश दिए थे, तब जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों की बैठक लेकर अतिक्रमण हटाने की बात कही, परंतु किसी भी स्थायी अतिक्रमण को ध्वस्त करने की कार्रवाई सामने नहीं आई।

## शादी टूटने से आहत युवती ने फांसी लगाकर जान दी

हल्द्वानी। रामपुर रोड चौकी क्षेत्र में शादी टूटने से आहत एक युवती ने फांसी लगाकर जान दे दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस के अनुसार युवती सिडकुल में नौकरी करती थी, उसी कंपनी में काम करने वाले कोटद्वार निवासी एक युवक से उसका प्रेम प्रसंग चलने लगा था। बाद में दोनों के बीच अनबन हुई तो दोनों अलग–अलग हो गए। इसी बीच युवती के घरवालों ने उसका रिश्ता रानीखेत में तय कर दिया। जैसे ही प्रेमी को यह बात पता चली तो उसने होने वाले दूल्हे और जेठ को युवती की आपत्तिजनक फोटो व वीडियो सोशल मीडिया के मध्य से भेज दी।

# विधायक कैड़ा ने हैड़ाखान खनस्यू मार्ग खुलवाया



हल्द्वानी। विधायक राम सिंह कैड़ा ने बुधवार को बंद काठगोदाम–हैड़ाखान खनस्यू मार्ग खुलवाया। उन्होंने क्षतिग्रस्त मार्ग की मरम्मत व समस्या के समाधान को नए एलाइनमेंट से मोटर मार्ग निर्माण के लिए लोनिवि अधिकारियों से द्वितीय चरण की डीपीआर बनाने को कहा। बुधवार को विधायक कैड़ा ने हैड़ाखान खनस्यू मोटर मार्ग का निरीक्षण कर बंद हुए मार्ग को खुलवाया। उन्होंने कहा भीमताल विधानसभा के अंतर्गत ओखलकांडा ब्लॉक व भीमताल ब्लॉक को जोड़ने वाला काठगोदाम से हैड़ाखान मार्ग पूर्व में मलबा आने से बंद हो गया था। जिससे 120 गावों के ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ा था। उन्होंने कहा ग्रामीणों की समस्या के समाधान को नए एलाइनमेंट से मोटर मार्ग निर्माण के लिए सरकार से पहले चरण की स्वीकृति मिल गई है। साथ ही लोनिवि अधिकारियों से दूसरे चरण की डीपीआर बनाने को कहा गया है।

# मेयर से खराब स्ट्रीट लाइट ठीक करने की मांग



हल्द्वानी। वार्डों की खराब स्ट्रीट लाइट ठीक करने की मांग लम्बे समय से उठा रहे पार्षद बुधवार को मेयर डॉ. जोगेंद्र रौतेला से मिलने पहुंचे।

बताया कि स्ट्रीट लाइटों का मेंटेनेंस का काम देख रही कंपनी लापरवाही बरत रही है। जगह जगह स्ट्रीट लाइट ख़राब हैं। निगम के टॉल फ्री नंबर पर समस्या दर्ज कराने के बावजूद महीनों से लाइट ठीक नहीं की गयी है। जिस कारण रात में लोगों को परेशानी हो रही है। मेयर ने सभी पार्षदों को जल्द समस्या के समाधान को आश्वस्त किया। कहा कि निगम के पथ प्रकाश अनुभाग की टीमें बनाकर संबंधित वार्डों में भेजी जाएंगी। यहां पार्षद रोहित कुमार, शकील अंसारी, नीमा भट्ट आदि मौजूद रहे।

## बंद नाली और कलमठ को तत्काल खोलें: डीएम

चम्पावत। डीएम नरेंद्र सिंह भंडारी ने बारिश के दौरान बंद नाली और कलमठ को तत्काल खोलने के निर्देश दिए। चम्पावत और टनकपुर के बीच एनएच के निरीक्षण के दौरान उन्होंने मजदूरों और मशीनों की संख्या बढ़ाने को कहा। बुधवार को डीएम नरेंद्र सिंह भंडारी ने एनएच का निरीक्षण किया। एनएच खंड के अधिशासी अभियंता सुनील कुमार ने बताया कि चल्थी पुल निर्माण कार्य तकरीबन पूरा कर लिया गया है। मौसम अनुकूल होने पर ऊपरी भाग में हॉटमिक्स किया जाएगा।

# 20 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब बरामद



अल्मोड़ा। पुलिस टीम ने अंग्रेजी शराब की बड़ी खेप बरामद की है। यह शराब सड़क पर खड़ी एक कार से बरामद हुई। पुलिस अब कार के बारे में जानकारी लेकर आरोपी की गिरफ्तारी के प्रयास में जुटी है।

आज थानाध्यक्ष सोमेश्वर विजय नेगी ने पुलिस बल के साथ अवैध मादक पदार्थो की तस्करी/बिक्री की रोकथाम व नशा तस्करों के खिलाफ कार्यवाही के लिए चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान कलेत, मनान के पास एक ओमनी वैन वाहन संख्या–यूके 01 सीए 0418 संदिग्ध रुप से खड़ी दिखाई दी। शक होने पर वाहन की तलाशी ली गई, तो इस वाहन के अंदर सफेद प्लास्टिक के कट्टों में कुल 20 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब बरामद हुई। यह शराब 8 पीएम स्पेशल ग्रीन व्हिस्की ( 624 पव्वे, 180 अद्धे ) है।

# मुख्यमंत्री पानी में डूबे क्षेत्रों को आपदाग्रस्त क्षेत्र घोषित करें : महाराज



**जयन्त प्रतिनिधि।**

हरिद्वार : प्रदेश के कैबिनेट मंत्री एवं जनपद हरिद्वार के प्रभारी मंत्री सतपाल महाराज ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से अनुरोध किया है कि जनपद के पानी में डूबे क्षेत्रों को आपदा ग्रस्त क्षेत्र घोषित करने के साथ-साथ आपदाग्रस्त क्षेत्रों में रह रहे

## कहा दो माह के पानी के बिल माफी व बैंक ऋण वसूली पर फिलहाल लगे रोक

लोगों का दो माह का बिजली का बिल एवं सर चार्ज भी माफ किया जाए। उन्होंने मुख्यमंत्री से यह भी आग्रह किया है इन क्षेत्रों में बैंकों की ऋण वसूली पर भी तत्काल प्रभाव से रोक लगायी जाए।

जनपद हरिद्वार के प्रभारी मंत्री एवं प्रदेश के कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने दूसरे दिन बुधवार को भी मानसून अवधि के दौरान जनपद के बाढ़ एवं अतिवृष्टि से प्रभावित क्षेत्र मोहम्मदपुर बुजुर्ग, विकाखंड लक्सर, लंढौर, मुंडलाना, साऊथ सीवर लाइन खानपुर, मोहनपुर, रूड़की स्थित गणेश पुल, रेलवे स्टेशन, पनियाला, भगवानपुर बाजार, जौनपुर से मोहम्मदपुर बुजुर्ग तटबंध, बाढ़ प्रभावित क्षेत्र लक्सर बाजार, अकोढा कला में बाढ़ प्रभावित क्षेत्र, बिरला टायर फैक्ट्री सहित रुड़की बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों सहित सोनाली नदी का भी स्थलीय निरीक्षण कर विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने लक्सर स्थित पूरे बाजार का पैदल भ्रमण कर प्रत्येक दुकान का भी मुआयना किया। आपदाग्रस्त क्षेत्रों का दौरा करते हुए जनपद के प्रभारी मंत्री सतपाल महाराज ने स्थानीय लोगों को आश्वस्त किया कि आपदा की इस घड़ी में धामी सरकार उनके साथ खड़ी है। उन्होंने कहा कि अबकी बार इतनी बारिश हुई है जितनी पहले कभी नहीं हुई। अतिवृष्टि हुई है, हम प्रकृति से लड़ रहे हैं। इसलिए आपदा की इस घड़ी में सभी को अपना सहयोग देना चाहिए। हरिद्वार में सड़कों की स्थिति की जानकारी देते हुए लोनिवि मंत्री एवं जनपद के प्रभारी मंत्री सतपाल महाराज ने बताया कि जनपद में लोक निर्माण विभाग के अधीन मार्गो, सेतुओं में अतिवृष्टि के कारण कुल 54 मार्ग क्षतिग्रस्त होकर बाधित हुए थे, जिसमें से 40 मार्गों को यातायात हेतु खोला जा चुका है। अभी तक 14 मार्ग यातायात हेतु बाधित हैं जिन्हें एक सप्ताह में यातायात हेतु खोल दिया जायेगा तथा बन्द मार्गों के वैकल्पिक मार्ग उपलब्ध हैं। इस दौरान रुड़की विधायक प्रदीप बत्रा, पूर्व विधायक स्वामी यतिस्वरानंद, संजय गुप्ता, कुंवर प्रणव सिंह चैंपियन, भाजपा जिला अध्यक्ष संदीप गोयल, रुड़की जिला अध्यक्ष शोभाराम प्रजापति, हरिद्वार भाजपा उपाध्यक्ष लव शर्मा, हरिद्वार के जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह पुण्डीर, लक्सर के एसडीएम सहित सिंचाई एवं लोक निर्माण विभाग के अनेक अधिकारी उपस्थित थे।

## चैनेलाइजेशन की योजना को लेकर जाएंगे हाईकोर्ट

कैबिनेट मंत्री व जिले के प्रभारी मंत्री सतपाल महाराज ने कहा कि आपदा की रोकथाम के लिए पूरी योजना बना दी गई है। अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि जहां-जहां भी बंध खोलने की आवश्यकता है उन्हें तत्काल खोला जाए। उन्होंने कहा कि पूलों के नीचे गाद बढ़ जाने के कारण नदियों का पानी घरों में घुस रहा है। श्री महाराज ने कहा कि नदियों के चैनेलाइजेशन के लिए पूरी योजना बनाकर हाई कोर्ट जायेंगे, ताकि इस प्रकार की परिस्पितियों से पार पाया जा सके।

# आर्यन छात्र संगठन ने विवि प्रशासन का पुतला फूंका

श्रीनगर : हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विवि के बिड़ला परिसर गेट पर आर्यन छात्र संगठन के कार्यकर्ताओं व छात्रों ने सीयूईटी प्रवेश परीक्षा को खत्म करने व प्रदेश के छात्रों को विवि में प्रवेश में 50 प्रतिशत आरक्षण देने की मांग की। इस दौरान छात्रों ने विवि प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन कर पुतला भी फूंका। कहा सीयूईटी पहाड़ के छात्रों के लिए परेशानी का कारण बन चुका है। बावजूद गढ़वाल विवि प्रशासन छात्रों के हितों की सुरक्षा के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठा रहा है। उन्होंने कहा यदि छात्रहित में विवि प्रशासन जल्द निर्णय नहीं लेता है, तो उग्र आंदोलन किया जाएगा।बुधवार को गढ़वाल विवि के बिड़ला परिसर छात्रसंघ सचिव सम्राट सिंह राणा व आर्यन छात्र संगठन के प्रदेश संयोजक संजय बिष्ट के नेतृत्व में छात्रों ने विवि प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी व प्रदर्शन किया। छात्र संघ सचिव सम्राट राणा ने कहा कि गढ़वाल विवि में प्रवेश के लिए पंजीकरण शुरु हो गए हैं। लेकिन अभी तक छात्रहित में कोई ठोस निर्णय नहीं लिया है। कहा सीयूईटी प्रवेश परीक्षा के कारण छात्रों को अनेक परेशानियों से जूझना पड़ रहा है। अब सीयूईटी के स्नातक प्रवेश परीक्षा का परिणाम आने के बाद छात्रों को और फजीहत झेलनी पड़ रही है। उन्होंने कहा कि जिन छात्रों ने प्रवेश परीक्षा भी है उन्हें अनुपस्थित दर्शाया गया है। उन्होंने कहा कि विवि प्रशासन से प्रवेश में प्रदेश के छात्रों को 50 प्रतिशत आरक्षण दिए जाने की मांग की जा रही है, लेकिन विवि प्रशासन का रवैया सकारात्मक नहीं है। आर्यन छात्र संगठन के प्रदेश संयोजक संजय बिष्ट ने कहा कि छात्रों की मांगों के समाधान की दिशा में विवि प्रशासन जल्द ठोस कदम नहीं उठाता है, तो उग्र आंदोलन किया जाएगा।

## फुल्यारा मेले में देव डोलियों का नृत्य रहा आकर्षण का केंद्र

उत्तरकाशी : भटवाड़ी ब्लॉक के उत्तरौं गांव में सवान मास में लगने वाला एक दिवसीय पौराणिक फुल्यारा मेला संपन्न हुआ। मेले में उत्तरौं समेत नौगांव व सेकू गांव से देव डोलियां पहुंची, जिनके आशीर्वाद को भक्तों की भारी भीड़ रही। मेले में देव डोलियों का नृत्य मुख्य आकर्षण का केंद्र रहा।

उत्तरौं गांव में सावन संक्रांति के दिन आयोजित पौराणिक फुल्यारा मेले में गांव के सभी संगठनों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। इस दिन पुजारियों द्वारा शिवलिंग पर पवित्र जल और दूध से स्नान कराया जाता है। ग्राम प्रधान धर्मवीर सिंह ने बताया कि फुल्यारा मेला उत्तरौं गांव का प्रमुख त्योहार है। जिसमें हमियार (सोमेश्वर देवता) नित्य कर्म करते हैं और ग्रामीणों की मनोकामनाएं पूरी करते हैं। मेले में ग्रामीणों के साथ ही बाहर से पर्यटकों ने नृत्य, संगीत, जुलूस इत्यादि सांस्कृतिक गतिविधियों का भरपूर आंनद उठाया। मेले के दौरान पारंपरिक पकवान आकर्षण का केंद्र रहे। फुल्यारा मेला गांव में आर्थिक विकास को बढ़ावा देने का माध्यम भी है। इस अवसर पर ग्राम प्रधान धर्मवीर सिंह भंडारी, नवयुवक मंगल दल के प्रीतम सिंह, महेन्द्र सिंह महिला मंगल दल, सोबनी देवी, श्री नागदेवता पूर्व सैनिक समिति चन्द्रवीर सिंह, केदार सिंह, जयवीर सिंह, उदय सिंह, रघुवीर सिंह, युद्धवीर सिंह आदि थे। (एजेंसी)

# मुख्यमंत्री ने एम्स ऋषिकेश में चमोली की घटना के घायलों का जाना हाल चाल

**जयन्त प्रतिनिधि।**

देहरादून : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने एम्स ऋषिकेश जाकर जनपद चमोली की दुःखद घटना में घायल हुए 06 घायलों का हालचाल जाना। उन्होंने घायलों की शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की है। मुख्यमंत्री ने घायलों के समुचित इलाज के संबंध में एम्स के चिकित्सकों से भी जानकारी प्राप्त की। उन्होंने घायलों के इलाज में कोई कमी न रहे, इसकी भी चिकित्सकों से अपेक्षा की। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी घटना की जानकारी प्राप्त होते ही चमोली के लिए रवाना हो गये थे, किन्तु मौसम की खराबी के कारण उन्हें वापस



आना पड़ा। उसके बाद मुख्यमंत्री ने एम्स ऋषिकेश जाकर घायलों का हालचाल जाना। मुख्यमंत्री ने कहा कि चमोली जनपद में बिजली के करंट लगने से 16 लोगों के हताहत होने की सूचना मिली है। जिलाधिकारी चमोली को घटना की मजिस्ट्रियल जांच के आदेश दे दिए गए हैं। जिम्मेदारी तय करते हुए दोषी और लापरवाह पाए जाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जायेगी। 6 घायलों को हेलीकॉप्टर द्वारा एम्स ऋषिकेश में भर्ती किया गया है। एम्स, ऋषिकेश में भर्ती घायलों में महेश कुमार पुत्र रूपदास, नरेन्द्र लाल पुत्र असीम दास, आनन्द पुत्र गम्मालाल, सुशील कुमार पुत्र सुदामा लाल, संदीप मेहरा पुत्र सुलोचन, पीआरडी रामचन्द्र पुत्र पुष्कर लाल शामिल है।

## चौकी धौलास के लिए मिनी बस सेवा का संचालन शुरु

विकासनगर। सहसपुर के चौकी धौलास के बाशिंदों के लिए बुधवार से सार्वजनिक मिनी बस सेवा की शुरुआत हो गई। बुधवार को विधायक सहदेव पुंडीर ने मिनी बस सेवा का हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया।

पूर्व में मिनी बस सेवा का संचालन घंटा घर से जतनवाला तक के लिए होता था। जिस कारण चौकी धौलास, हरियावाला और आसपास के अन्य ग्रामीणों को इस बस सेवा का लाभ नहीं मिल रहा था।

# बासर पट्टी और बूढ़ाकेदार क्षेत्र को मिली विकास योजनाओं की सौगात

टिहरी : भिलंगना ब्लॉक के बासर पट्टी और बूढ़ाकेदार क्षेत्र को कई विकास योजनाओं की सौगात मिली है।

जिला पंचायत अध्यक्ष ने जिला योजना एवं राज्य वित के अंतर्गत राजराजेश्वरी मन्दिर के सौंदर्यीकरण के लिये धनराशि स्वीकृत करवाई है, तो वहीं वर्षों से एएनएम सेंटर भवन की मांग कर रहे ग्रामीणों को भी नए भवन की सौगात दी गयी।

जिपं अध्यक्ष सोना सजवाण ने पट्टी बासर और बूढ़ाकेदार क्षेत्र में राज्य योजना के अंतर्गत लाखों रुपये की योजनाओं के लिए धन आवंटित करवाया। जिपंस धनपाल सिंह नेगी ने बताया कि अध्यक्ष की ओर से मां राजराजेश्वरी मंदिर में बस स्टैंड निर्माण के लिये 14 लाख, विनयखाल-भेटी-कल्दी मोटरमार्ग पर इंटरलॉकिंग टायल्स के लिये 12 लाख, भेटी गांव में पांच लाख रुपये की लागत से सीसी खणिंजा, राजराजेश्वरी मंदिर में हाईटेक शौचालय के लिये 10 लाख रुपये, राजराजेश्वरी मंदिर रेन शटर के लिये 10 लाख, मंदिर व्यू प्वाइंट निर्माण के साथ रेलिंग निर्माण कार्य के लिये 10 लाख रुपये, इंटर कॉलेज तलेबन में शौचालय निर्माण के लिये 4 लाख, केपार्ष में एएनएम सेंटर के लिये 40 लाख, दुध्याडी मंदिर के लिए 9 लाख, पिलवा सड़क पर इंटरलॉकिंग टायल्स के लिये 8 लाख, बूढ़ाकेदार-अयांरखाल के लिए 5 लाख, मेड गांव में इंटरलॉकिंग टायल्स के लिए 10 लाख रुपये, स्वास्थ्य उपकेंद्र खवाड़ा में 7 लाख रुपये, सोला गांव में सीसी टायल्स 5 लाख रुपये, स्वास्थ्य उपकेंद्र बूढ़ाकेदार भवन मरम्मत के लिए 5 लाख रुपये की स्वीकृति प्रदान करवाई है। कहा कि विभिन्न कार्यों के लिये बजट मिलने से, विकास योजनाओं को और गति मिलेगी। सभी सदस्यों ने जिला पंचायत अध्यक्ष का आभार जताया है।(एजेंसी)

# स्कूली बच्चों ने सिवाई रेलवे टनल के पास सांकेतिक धरना दिया

चमोली : ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल लाइन के सिवाई में टनल निर्माण के मलबे से स्कूल आने जाने का रास्ता प्रभावित हो गया है। जिससे बच्चों को स्कूल आने जाने में दिक्कतें हो रही हैं। बुधवार को स्कूली बच्चों और अभिभावकों ने रेलवे टनल के बाहर सांकेतिक धरना दिया। बुधवार सुबह को सिवाई, मैठाणा सहित अन्य गांवों के स्कूली बच्चों और अभिभावकों ने सिवाई टनल पर स्थित डीबीएल कंपनी के कार्यालय पर धरना शुरू कर दिया। स्कूली बच्चों ने कहा कि टनल निर्माण के मलबे से उनके स्कूल जाने वाले रास्ता कीचड़ में बदल गया है। जिससे उन्हें स्कूल जाने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। स्कूल जाते समय उनके कपड़े, जूते खराब हो जाते है। जिस कारण वे स्कूल नहीं जा पा रहे है। बच्चों के अभिभावकों ने कहा कि 3 जुलाई को एक स्कूली बच्ची टनल के कीचड़ में फंस गई थी। जिसे बड़ी मुश्किल से कीचड़ से बाहर निकाला गया। वहीं ग्रामीणों ने आरोप लगाते हुए कहा कि रेलवे निर्माण कार्य के चलते उनके रास्ते, पेयजल स्त्रोत टूट चुके है। वहीं घरों ने दरारे भी पड़ रही है। लेकिन रेलवे के अधिकारियों को इसकी कोई परवाह नहीं है। वहीं स्थानीय युवाओ को रोजगार न देकर बाहरी लोगों को रोजगार दिया जा रहा है। इधर डीबीएल कंपनी के प्रबधंक राजेश राय ने बताया कि बच्चों को वाहन की व्यवस्था की जा रही है।

## पॉलीथिन के प्रयोग पर बारह दुकानदारों का चालान

देहरादून। नगर निगम की टीम ने बुधवार को निरंजनपुर मंडी में सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग करने वालों के खिलाफ चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान पॉलीथिन का प्रयोग और इसे स्टॉक करने वाले 12 दुकानदारों के चालान काटे गए। दो का गंदगी करने पर चालान किया गया। इसके अलावा रिलायंस जियो मार्ट जीएमएस रोड पर परिसर में गंदगी फैलाने पर कुलदस हजार रूपये का चालान काटा गया। परिसर में जमा पानी में लार्वा पाए जाने पर दो हजार रूपये का चालान किया गया।

# पिपोलाखास के ग्रामीणों ने पूर्ण विस्थापन की मांग

टिहरी : पिपोलाखास में ध्वस्त हुए मकानों व अन्य मकानों में आईं दरारों को लेकर ग्रामीणों ने डीएम मयूर दीक्षित से मुलाकात कर ध्वस्त हुए मकानों का जल्द से जल्द भुगतान करने की मांग की। इसके साथ ही पिपोलाखास का स्थलीय निरीक्षण कर पूर्ण विस्थापन करने की मांग की है।

बुधवार को बांध विस्थापितों व प्रभावितों के याचिकाकर्ता एडवोकेट शांति प्रसाद भट्ट के नेतृत्व में पिपोलाखास के ग्रामीणों ने डीएम मयूर दीक्षित से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा ज्ञापन के माध्यम से डीएम ने मांग की है कि पिपोला खास का आप स्वयं स्थलीय निरीक्षण कर उन मकानों की सर्वेशीट बनवाकर प्रतिकर भुगतान करवाएं। समपार्श्विक क्षतिपूर्ति नीती 2013 और 2021 के तहत जिनकी पात्रता निर्धारित हुई है, उन्हें भूमि के बदले भूमि ही दी जाय। डीएम से यह भी मांग की है कि बीते 15 जुलाई को पिपोलाखास में विनोद भट्ट व बालकृष्ण भट्ट का मकान यकायक ध्वस्त हुआ है। जिसका भुगतान निर्मित आंगणन के अनुसार तत्काल किया जाय। ग्राम पिपोलाखास जाखणीधार ब्लॉक के तहत टिहरी बांध के सन्निकट बसा हुआ है। गांव में 28 परिवार हैं। जिनमें से 23 परिवारों के विस्थापन की संस्तुति के अनुरूप कार्यवाही चल रही है। बांध का जल स्तर घटने-बढ़ने से गांव में निरंतर गांव के भवन और भूमि लगातर धंस रही है। सर्वेशीट और जेईसी की संस्तुति के आधार पर पांच परिवारों का भुगतान किया जा चुका है,

## छह वर्ष के बच्चे के साथ कुकर्म, पोक्सो एक्ट व मारपीट का आरोपी गिरफ्तार

विकासनगर। कोतवाली क्षेत्र में छह वर्षीय बच्चे के साथ कुकर्म करने और जान से मारने की धमकी के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कुकर्म, पॉक्सो ऐक्ट, मारपीट और जान से मारने की धमकी का मुकदमा दर्ज किया है।

आरोपी को पुलिस गुरुवार को कोर्ट में पेश करेगी। तहरीर में ग्रामीण ने बताया कि दोपहर में घर में उसका छह वर्षीय नाबालिग बेटा बच्चों के साथ खेल रहा था। तभी गुपचुप तरीके से बच्चे को बहला फुसलाकर कर आरोपी मुस्तकीम उर्फ भूरा पुत्र महबूब निवासी ढालीपुर आम के बाग में ले गया।

# प्राकृतिक आपदा के न्यूनीकरण और प्रबंधन के लिए सरकार पूरी तरह संवेदनशील और गंभीर : रावत

चमोली : शिक्षा, सहकारिता मंत्री और चमोली के प्रभारी मंत्री डा. धन सिंह रावत ने कहा मानसून सत्र में आई प्राकृतिक आपदा के न्यूनीकरण और प्रबंधन के लिए सरकार पूरी तरह संवेदनशील और गंभीर है। इसके लिए सभी जिलों को धनराशि दी गई है। किसी प्रकार की कोई कमी नहीं रखी जायेगी। चमोली को इस मद में 25 करोड़ रुपए दिये गये हैं। मलबा बोल्डर से बाधित सभी सड़कों को 20 जुलाई तक सुचारु किया जायेगा।

गोपेश्वर में पत्रकार वार्ता में मंत्री डा. धन सिंह रावत ने कहा अधिकारियों के साथ आपदा प्रबंधन की समीक्षा बैठक में महत्वपूर्ण निर्देश दिए गये हैं। कैबिनेट मंत्री एवं चमोली जनपद के प्रभारी मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने मंगलवार को जिले में पहुंचकर मानसून अवधि के दौरान आपदा प्रबंधन तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक ली। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को आपदा की चुनौतियों से निपटने के लिए समन्वय, सहयोग और टीम भावन से



काम करने के निर्देश दिए। सड़क अवरुद्व होने पर कम से कम रिसपांस टाइम रखते हुए उनको सुचारु किया जाए। जो सड़कें अभी बंद हैं उनको खोलने के लिए तेजी से काम किया जाए। जनपद के दूरस्थ गांव क्षेत्रों के सभी सस्ता गल्ला विक्रेताओं तक पर्याप्त मात्रा में खाद्यान्न की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। पेट्रोल पंपों पर डीजल व पेट्रोल का पर्याप्त स्टॉक रखा जाए। गांव क्षेत्रों में क्षतिग्रस्त विद्युत पोल एवं झूलते विद्युत तारों को ठीक किया जाए। विद्युत आपूर्ति को सुचारु बनाए रखने के लिए एडवांस में ट्रांसफार्मर मंगवाकर रख लिए जाए। प्रभारी मंत्री डा. धन सिंह रावत ने कर्णप्रयाग नगर पालिका के बहुगुणा नगर, गोपेश्वर के हल्दापानी में भूस्खलन से प्रभावित भवनों में रह रहे परिवारों को तत्काल सुरक्षित स्थानों पर शिफ्ट करने के निर्देश दिए हैं। स्वास्थ्य विभाग को सभी एएनएम सेंटर, सीएचसी व पीएचसी में क्षतिग्रस्त भवनों की मरम्मत का प्रस्ताव उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। वन विभाग को वन क्षेत्रों में सभी पैदल मार्गों को सुचारु रखने को कहा। जिलाधिकारी हिमांशु खुराना ने प्रभारी मंत्री को बरसात के दौरान जनपद में क्षतिग्रस्त परिसंपत्तियों एवं अवरुद्व सड़कों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

# उच्च शिक्षा मंत्री ने किया राजकीय महाविद्यालय मींग नारायणबगड़ का लोकार्पण

चमोली : मगनलाल शाह राजकीय महाविद्यालय मींग नारायणबगड़ का उद्घाटन कैबिनेट मंत्री एवं उच्च शिक्षा, स्वास्थ्य मंत्री धनसिंह रावत ने किया। विकासखंड नारायणबगड़ के मींग नारायणबगड़ क्षेत्र नवनिर्मित मगनलाल शाह राजकीय महाविद्यालय भवन का लोकार्पण उच्चशिक्षा मंत्री डा. धन सिंह रावत, विधायक भूपाल राम टम्टा द्वारा दीप प्रज्वलित किया गया।

कार्यक्रम में विद्यालय की छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना के साथ कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया, वहीं महाविद्यालय छात्रसंघ अध्यक्षा रिया कंडवाल ने विद्यालय में विज्ञान संकाय को शुरू किए जाने, कंप्यूटर लैब, स्नातकोत्तर स्तर में हिंदी राजनीतिक और इतिहास विषयों को खोले जाने की मांग के साथ विद्यालय में तीन अनु लेखकों की नियुक्ति की मांग का मांग पत्र उच्च शिक्षा मंत्री को प्रेषित किया।

वहीं मंत्री धन सिंह रावत द्वारा भूमि दान करने वाले मींग के ग्रामीणों को शाल देकर सम्मानित किया।

वहीं इस मौके पर अपने संबोधन में उच्च शिक्षा मंत्री द्वारा विद्यालय की मांगों को लेकर यथासंभव प्रयास किए जाने का आश्वासन दिया। वहीं क्षेत्रीय विधायक भूपाल राम टम्टा ने महाविद्यालय में स्नातकोत्तर कक्षाओं को शुरू किए जाने की भी मांग की और नारायणबगड़ में सीएचसी खोले जाने की जनता की मांग को उच्च शिक्षा और स्वास्थ्य मंत्री के सम्मुख रखा। इस मौके पर पूर्व विधायक मुन्नी देवी शाह, ब्लाक प्रमुख यशपाल सिंह नेगी, जिलाध्यक्ष रमेश मैखुरी, गजेंद्र रावत, संदीप रावत, जिला पंचायत सदस्य देवी जोशी, मंडल अध्यक्ष नरेंद्र रावत, नंदू बहुगुणा, मनोज भंडारी जिला महामंत्री दलीप नेगी, समाजसेवी डॉ. हरपाल सिंह, सुशीला बिष्ट, गणेशी देवी उपस्थित रहे। (एजेंसी)

## भारी बरसात में पेयजल किल्लत से जूझ रहे अटकफार्म के बाशिंदे

विकासनगर। पीने के पानी की किल्लत से जूझ रहे सांसद आदर्श गांव अटक फॉर्म के लोगों का गुस्सा बुधवार को फूट पड़ा। आक्रोशित लोगों ने जल संस्थान के खिलाफ प्रदर्शन कर जोरदार नारेबाजी की। प्रदर्शन कर रहे लोगों का आरोप था कि सहसपुर ब्लॉक के अटक फॉर्म में करीब दो हजार की आबादी बीते एक माह से पेयजल किल्लत से जूझ रही है। जल संस्थान अधिकारियों और स्थानीय जन प्रतिनिधियों को समस्या के अवगत कराने के बावजूद पेयजल आपूर्ति सुचारु नहीं की जा रही है।

# भागीरथी के उफान में बही बालिका

टिहरी : देवप्रयाग ब्लॉक की ग्राम पंचायत नगर स्थित भागीरथी घाट से एक 13 वर्षीय बालिका नदी की तेज धारा में बह गयी। पुलिस की ओर से बालिका की तलाश मे भागीरथी में सर्च अभियान शुरू किया गया है। घटना की जानकारी देते ग्राम प्रधान नगर सुनील ने बताया कि, बीते मंगलवार शाम को भागीरथी पुल के नीचे नदी किनारे गांव की कुछ लड़कियां पानी पीने गयी थी। बारिश से उफान में बह रही भागीरथी की एक तेज लहर उनकी ओर आई, जिसमें उम्र में बड़ी लड़कियां तो किसी तरह के निकल भागी। मगर अर्चना पुत्री मदनलाल नदी के तेज बहाव में बह गयी। जूनियर हाईस्कूल, नगर में आठवीं की छात्रा अर्चना के बहने की सूचना मिलने के बाद उसकी मां सुषमा, दो भाइयों व बहन का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना की सूचना पर चंडीगढ़ में कार्यरत बालिका के पिता मदनलाल भी घर पहुंच गए हैं। थाना प्रभारी हिंडोलाखाल संजीव थपलियाल, राजस्व उप निरीक्षक मनोज बागड़ी मौके पर पहुंचे।

थाना प्रभारी ने बताया कि बालिका की तलाश में देवप्रयाग पुलिस के साथ कोटेश्वर से कौड़ियाला तक नदी में सर्च अभियान शुरू किया गया है। जिसमें एसडीआरएफ, जल पुलिस व गोताखोर शामिल हैं।

## अदालती सूचना

**न्यायालय असिस्टेन्ट कलैक्टर प्रथम श्रेणी सतपुली पौड़ी गढ़वाल**

बंटवारा बा0सं0 04 सन् 2023

प्रार्थीगण : भोपाल सिंह, उम्मेद सिंह, आनन्द सिंह पुत्रगण विशन सिंह ग्राम नौगांव, पट्टी दक्षिणी मौदाड़स्यूं-3, तहसील सतपुली, जिला पौड़ी गढ़वाल

बनाम अन्तर्गत धारा 176 L.R. Act

प्रतिवादीगण : 1- गजेन्द्र सिंह पुत्र बूथा, 2- आजाद सिंह पुत्र दर्शन सिंह, 3- शेर सिंह, वीर सिंह पुत्रगण कलमू, 5- मनवर सिंह पुत्र सोहन सिंह, 6- चन्द्रकला पुत्री गबर सिंह, 7- सोनी कुमार पुत्र बलराम, 8- रमेश चन्द्र पुत्र चन्द्र सिंह, 9- देवन्द्र सिंह, रविन्द्र सिंह पुत्रगण रतन सिंह, 10- सरोजनी देवी पत्नी रतन सिंह, 11- सतेन्द्र सिंह, यतेन्द्र सिंह पुत्रगण दलवीर सिंह, 12- जगदम्बा प्रसाद, विनोद कुमार पुत्रगण बच्चीराम, 13- महावीर सिंह, चन्द्र सिंह, आनन्द सिंह पुत्रगण सुरजू, 14- दिनेश चन्द्र पुत्र चन्द्र सिंह, 15- ग्राम सभा प्रधान निवासी ग्राम मलेठी, 16- सर्वसाधारण जनता आम व खास

समन बनाम :- सर्वसाधारण आम व खास हाल खतौनी ग्राम नौगांव कमन्दा 06, 29 में बंटवारा करवाने के सम्बन्ध :-

उपरोक्त प्रार्थीगण भोपाल सिंह, उम्मेद सिंह, आनन्द सिंह पुत्रगण विशन सिंह एक प्रार्थना पत्र गजेन्द्र सिंह आदि निवासीगण ग्राम नौगांव कमन्दा, पट्टी दक्षिणी मौदाण्डस्यूं, तहसील सतपुली, जिला पौड़ी गढ़वाल जिनके नाम ग्राम नौगांव कमन्दा के हाल खतौनी संख्या 6, 29 में भूमि दर्ज में बंटवारा दावा दर्ज है। एक दावा पैरा अन्तर्गत धारा 176 L.R.Act में दायर किया गया है। कर आम व खास को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि यदि किसी को उक्त हाल खतौनी नं0 06, 29 में बंटवारा दावा प्रदान करने में कोई आपत्ति हो तो इस न्यायालय में दिनांक 20/7/2023 को प्रातः 10 बजे उसका उत्तर देने व आपत्ति प्रस्तुत करने के लिए व्यक्तिगत रूप से या अधिवक्ता द्वारा उत्तर देने के लिए उपसंजात होकर जवाबदेही करे जिसमें असफल रहने पर आवेदन का एक पक्षीय निस्तारण किया जायेगा।

अतः दिनांक 13/7/2023 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा लगाकर जारी किया गया है।

रीडर
न्या0 असि0कले0प्र0 श्रेणी
सतपुली

सम्पादकीय

# "सीमा" की सच्चाई का मंथन

पब्जी गेम की आड़ लेकर प्रेम संबंध का प्रचार कर पाकिस्तान से एक महिला अपने चार बच्चों के साथ हिंदुस्तान पहुंच जाती है। पहले पूरा मामला मैच एक प्रेम कहानी जैसा लगता है लेकिन सब कुछ इतना साफ और निष्पक्ष भी नहीं है जितना बनाए जाने की कोशिश शुरुआत से पाकिस्तान की यह महिला करती आ रही है। सबसे बड़ा विवाद तो इसी बात को लेकर शुरु हो चुका था कि बिना वीजा और पासपोर्ट के एक महिला बिना जांच–पड़ताल के आखिर कैसे पाकिस्तान से हिंदुस्तान आ पहुंची? पूरा घटनाक्रम ही इस प्रकार से संदेहास्पद है कि प्रकरण की गुड़िया सजाने के लिए केंद्रीय जांच एजेंसियों के साथ–साथ यूपी एटीएस को भी मैदान में उतरना पड़ा है। पाकिस्तान की नागरिक सीमा हैदर पहले से ही शादीशुदा होने के साथ चार बच्चों की मां है, और उसने भारत पहुंचने की जो तिकड़म लगाई है वह काफी अचंभित कर देने वाली है। पब्जी गेम के साथ इस प्रेम के परवान चढ़ने की बातें कही जा रही हैं जिसमें कहीं ना कहीं नोएडा उत्तर प्रदेश का सचिन जाल में बुरी तरह फंस चुका है। सचिन का सहारा लेकर भारत पहुंची सीमा हैदर वर्तमान दौर में सोशल मीडिया का सबसे चर्चित विषय बना हुआ है। देश का समूचा मीडिया खाद्य पदार्थों की महंगाई को दरकिनार कर सीमा हैदर के प्रकरण पर नहीं नहीं कसीदे पेश कर रहा है मानो जांच का पूरा जिम्मा सरकार ने मीडिया को ही सौंप दिया हो। बिना वीजा के भारत में प्रवेश करने के साथ ही मानव तस्करी आतंकवाद जासूस हनी ट्रैपिंग जैसे कई विषय सुर्ख़ियों का केंद्र बनने लगे हैं। इतना तो तय है कि सीमा हैदर दूध की धूली नहीं हो सकती। कहीं ना कहीं इस पूरे प्रकरण के पीछे सीमा को सीमा पार भेजने के पीछे किसी बड़े षड्यंत्र की संभावनाएं नकारी नहीं जा सकते हैं। नेपाल में शादी किए जाने की बात कही गई लेकिन इसके कोई सबूत पेश नहीं किए गए। बेहद साफगोई से जवाब देने वाली सीमा निश्चित तौर पर एक कुशल प्रशिक्षित प्रायोजित बिंदु नजर आ रही है। भारत की आंतरिक सुरक्षा के लिए यह एक बेहद चिंता की बात है कि नेपाल के रास्ते यदि कोई पाकिस्तान का नागरिक भारत में बड़ी आसानी से प्रवेश कर रहा है तो इसके दूरगामी परिणाम काफी घातक भी हो सकते हैं। आखिर क्या गारंटी है कि सीमा के अंदाज में कुख्यात आतंकी प्रशिक्षण लेकर नेपाल सीमा से भारत में ना घुसे हो? इस दिशा में भारत सरकार को अब गंभीरता के साथ विचार करना होगा और नेपाल सीमा पर भारत में प्रवेश करने की प्रक्रिया को थोड़ा जटिल और दस्तावेजी बनाना होगा। यदि महज चंद हजार रूपों में कोई भी भारत की सीमा में नेपाल के रास्ते प्रवेश कर जाता है तो यह देश की सुरक्षा के साथ एक बड़ा आघात हो सकता है। सीमा हैदर की प्रेम कहानी की परतें खुलने के साथ–साथ कई रहस्य खुलने लगे हैं जो सीमा हैदर को संदेह के कटघरे में खड़ा करने लगे हैं। सीमा का बोलचाल का अंदाज एवं पहनावा स्पष्ट करता है कि कहीं ना कहीं उसे इस कार्य के लिए पूरी तरह से प्रशिक्षित किया गया है। सीमा की बोली में भी पाकिस्तानी लहजे का पुट नजर नहीं आता। यदि किसी संदेह के आधार पर भारतीय जांच एजेंसियां सीमा हैदर से पूछताछ करती है तो पाकिस्तान के कट्टरपंथियों को भला इससे क्या आपत्ति होनी चाहिए? आखिर क्या कारण है कि पाकिस्तान के कट्टरपंथी समूह ना केवल सीमा को धमकी दे रहे हैं बल्कि पाकिस्तान के सिंध प्रांत में एक मंदिर पर रॉकेट लॉन्चर से हमला किया गया। डकैतों ने धमकी दी थी कि सीमा को वापस पाकिस्तान नहीं भेजा जाता है तो हिंदुओं के पूजा स्थलों पर हमले जारी रहेंगे। जिस प्रकार की प्रतिक्रिया सामने आ रही है वह अब कहीं ना कहीं इस बात की पुष्टि करने लगी है कि सीमा हैदर का पूरा प्रकरण प्रायोजित है जिसे प्रेम प्रसंग का लबादा ओढ़ाने की कोशिश की गई है। अवैध तरीके से भारत में प्रवेश करने वाली पाकिस्तानी नागरिक सीमा हैदर एवं उसके बच्चों को निश्चित तौर पर सुरक्षा की आवश्यकता है, और यदि जांच के बाद वह संदिग्ध साबित होती है तो उनकी एक ही जगह होगी और वह जेल।

# सोनिया गांधी क्या सूत्रधार बनेंगी?

अजीत द्विवेदी

पटना में 23 जून को हुई विपक्षी पार्टियों की बैठक के बाद से देश की राजनीति में ऐसा क्या हुआ है, जिसकी वजह से विपक्षी पार्टियों की बेंगलुरू बैठक में पूरा फोकस सोनिया गांधी पर शिफ्ट हो गया है? पटना की बैठक में पूरा फोकस राहुल गांधी पर था। उनके विदेश में होने की वजह से पटना बैठक की तारीख टली थी। जब वे लौटे उसके बाद उनकी मौजदूगी में बैठक हुई। बैठक के बाद प्रेस कांफ्रेंस में राजद नेता लालू प्रसाद ने उनको शादी का जिक्रछेड़ कर एक तरह से उनको विपक्षी पार्टियों की बारात का दूल्हा बनाने का दांव भी चला। लेकिन उसके बाद जब बेंगलुरू की बैठक तय हुई तो सबसे ज्यादा चर्चा इस बात को लेकर हुई कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडग़े ने आठ नई पार्टियों को न्योता दिया है और दूसरी बात यह कि बैठक में सोनिया गांधी भी शामिल होंगी। सोनिया ने बैठक के पहले दिन यानी 17 जुलाई को विपक्षी नेताओं के लिए एक रात्रिभोज की मेजबानी भी की। कांग्रेस और विपक्ष की दूसरी पार्टियों में भी इस बात को लेकर उत्साह है कि सोनिया गांधी विपक्ष को एक करने के अभियान में सक्रिय हुई हैं। ध्यान रहे 2004 में विपक्ष को एकजुट करके यूपीए बनाने का प्रयोग सोनिया ने किया था इसलिए विपक्षी नेताओं की उम्मीद बढ़ी है कि इस बार भी वे ऐसा कर सकती हैं।

तभी सवाल है कि जो काम राहुल गांधी कर रहे थे उस काम में सोनिया गांधी को आगे आने की क्या जरूरत आन पड़ी? इसे समझने के लिए 23 जून के बाद के राजनीतिक घटनाक्रम को बारीकी से देखना होगा। सबसे बड़ा घटनाक्रम यह था कि शरद पवार की एनसीपी में टूट हो गई। उनके भतीजे अजित पवार उनसे अलग हो गए और राज्य की भाजपा–शिव सेना सरकार में उप मुख्यमंत्री बन गए। उनके साथ 30 से ज्यादा विधायक होने की बात कही जा रही है। यह अलग बहस का विषय है कि पार्टी में यह विभाजन शरद पवार के किसी लंबे खेल का हिस्सा है या सचमुच की परिघटना है। लेकिन जब एनसीपी टूटी तो कहा गया कि पार्टी के अनेक नेता इस बात से नाराज थे कि विपक्षी गठबंधन के नेता राहुल गांधी कैसे हो सकते हैं। वे नहीं चाहते कि शरद पवार जैसा बड़ा नेता राहुल के नेतृत्व में काम करे। इससे पहले कांग्रेस छोडऩे वाले तमाम नेताओं ने राहुल को निशाना बनाया था और मीडिया में यह नैरेटिव बना था कि हिमंत बिस्वा सरमा हों या ज्योतिरादित्य सिंधिया हों या गुलाम नबी आजाद, सबने राहुल के कारण कांग्रेस छोड़ी। अब सहयोगी पार्टियों में भी विभाजन के लिए राहुल को जिम्मेदार ठहराया जा रहा है। इसका मकसद राहुल के नेतृत्व और विपक्ष की राजनीति में उनकी ऑथोरिटी को कमजोर करके दिखाना है।

दूसरा घटनाक्रम यह हुआ कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने हैदराबाद जाकर भारत राष्ट्र समिति के अध्यक्ष और तेलंगाना के मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव से मुलाकात की। अखिलेश ने यह संदेश दिया कि वे भले पटना की बैठक में शामिल हुए लेकिन उन्होंने गैर कांग्रेस और गैर भाजपा तीसरे मोर्चे की संभावना को समाप्त नहीं किया है। तीसरा घटनाक्रम पश्चिम बंगाल में कांग्रेस और तृणमूल कांग्रेस का विवाद है। इन सबकी पृष्ठभूमि में देखें तो ऐसा प्रतीत होगा कि विपक्षी पार्टियों के कुछ मजबूत क्षत्रप नेता कांग्रेस के मौजूदा नेतृत्व के साथ बहुत सहज नहीं हैं। सोनिया गांधी ने इस बात को भांप लिया है और इसलिए उन्होंने आगे बढ़ कर विपक्षी एकता का सूत्रधार बनने की पहल की है। हालांकि उनकी सेहत को देखते हुए यह संभव नहीं है कि वे ज्यादा भागदौड़ कर सकें या हर छोटे बड़े पहलू पर नजर रखें। लेकिन इतना निश्चित है कि वे बेंगलुरू की बैठक में सभी विपक्षी पार्टियों के आहत अहम को संतुष्ट करने की कोशिश करें। उन्हें बताएं कि कांग्रेस राहुल का नेतृत्व उनके ऊपर नहीं थोप रही है। वे यह भरोसा भी दे सकती हैं कि विपक्षी नेताओं को अभी से नेतृत्व की चिंता करने की जरूरत नहीं है। आखिर कांग्रेस का इतिहास छोटी पार्टियों की सरकार बनवाने का रहा है। चंद्रशेखर से लेकर एचडी देवगौड़ा और आईके गुजराल तक इसकी मिसाल हैं।

इसमें संदेह नहीं है कि पिछले 20 साल में देश की राजनीति बहुत बदल गई है। नेता बदल गए हैं और नैरेटिव भी बदल गया है। लेकिन एक चीज ऐसी है, जो कभी नहीं बदलती है। वह हर नेता की सत्ता में आने की चाहना है। सो, कांग्रेस या राहुल गांधी से लगाव नहीं होने के बावजूद अगर विपक्षी नेताओं को लगता है कि उसकी धुरी पर एक साथ आकर भाजपा और नरेंद्र मोदी को चुनौती दी जा सकती है और सत्ता हासिल की जा सकती है तो वे अपने निजी अहम को थोड़े समय के लिए किनारे रख सकते हैं।

सो, कांग्रेस के लिए जरूरी है कि वह विपक्षी नेताओं के बीच यह भरोसा बनवाए कि भले वह पहले से कमजोर हो गई है लेकिन अब भी भाजपा को चुनौती देने की वास्तविक ताकत उसी के पास है। सोनिया गांधी यह मैसेज बनवा सकती हैं। उन्होंने 2004 के लोकसभा चुनाव के बाद सिर्फ यूपीए नहीं बनवाई थी, बल्कि उससे पहले अजेय माने जा रहे अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार को हराया था। भाजपा को हरा कर कांग्रेस सबसे बड़ी पार्टी बनी थी तभी उसके नेतृत्व में यूपीए बना था। उसके बाद 2009 में जब लालकृष्ण आडवाणी को प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार बना कर भाजपा लड़ी थी तब कांग्रेस ज्यादा सीटों के साथ दोबारा सत्ता में लौटी थी। यानी सोनिया गांधी को भाजपा के दो सबसे बड़े नेता नेताओं– अटल बिहारी वाजपेयी और लालकृष्ण आडवाणी दोनों को हराने का श्रेय हासिल है।सोनिया गांधी के साथ 2004 में काम करने वाली टीम के कई सदस्य अब उनके साथ नहीं हैं। अहमद पटेल, माखनलाल फोतेदार, ऑस्कर फर्नांडीज जैसे कई नेताओं का निधन हो गया तो गुलाम नबी आजाद जैसे नेता पार्टी छोड़ गए। जनार्दन द्विवेदी ने अपने को सक्रिय राजनीति से दूर कर लिया है। इसके बावजूद कई पुराने नेता और क्षत्रप अब भी सोनिया के साथ हैं और उन्हें अपना सर्वोच्च नेता मानते हैं। मुकुल वासनिक, अंबिका सोनी, अशोक गहलोत, दिग्विजय सिंह जैसे कई नेता हैं, जिनको न सिर्फ कांग्रेस के संगठन की एक एक चीज पता है, बल्कि विपक्ष की सभी पार्टियों के नेताओं के साथ इनके बहुत अच्छे निजी संबंध हैं। अहमद पटेल का एक मिथक कांग्रेस के साथ बरसों से चिपका हुआ है लेकिन अगर मौका मिले तो दिग्विजय सिंह और कमलनाथ भी देश के किसी भी नेता, उद्योगपति, पत्रकार या अधिकारी से बातचीत कर सकते हैं।

दूसरी बात यह है कि अगर कांग्रेस के पुराने नेता तस्वीर से गायब हुए हैं तो दूसरी विपक्षी पार्टियों में भी ऐसा ही हुआ है। अब कांग्रेस को तमिलनाडु में करुणानिधि के साथ नहीं, बल्कि स्टालिन के साथ डील करना है, बिहार में लालू प्रसाद से नहीं, बल्कि तेजस्वी के साथ, उत्तर प्रदेश में मुलायम सिंह की बजाय अखिलेश यादव से, झारखंड में शिबू सोरेन की बजाय हेमंत सोरेन से और कम्युनिस्ट पार्टियों में हरकिशन सिंह सुरजीत और एबी बर्धन की बजाय सीताराम येचुरी और डी राजा से डील करना है। इनमें से कई नेता ऐसे हैं, जिनका राहुल गांधी के प्रति सद्भाव है और वे उनके साथ काम करने को राजी हैं। कुछ नेताओं को जरूर राहुल गांधी से समस्या है लेकिन उनको भी इस हकीकत का अंदाजा है कि प्रचार के दम पर राहुल की चाहे जैसी छवि बनाई गई हो लेकिन भाजपा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ सबसे गंभीर और जमीनी राजनीतिक व वैचारिक लड़ाई राहुल गांधी ही लड़ रहे हैं। सोनिया गांधी सूत्रधार के तौर पर विपक्षी पार्टियों को इस हकीकत का अहसास कराते हुए कांग्रेस के नेतृत्व में साथ मिल कर लडऩे का आधार तैयार कर सकती हैं।



**सवाल है कि जो काम राहुल गांधी कर रहे थे उस काम में सोनिया गांधी को आगे आने की क्या जरूरत आन पड़ी? इसे समझने के लिए 23 जून के बाद के राजनीतिक घटनाक्रम को बारीकी से देखना होगा। सबसे बड़ा घटनाक्रम यह था कि शरद पवार की एनसीपी में टूट हो गई। उनके भतीजे अजित पवार उनसे अलग हो गए और राज्य की भाजपा–शिव सेना सरकार में उप मुख्यमंत्री बन गए। उनके साथ 30 से ज्यादा विधायक होने की बात कही जा रही है। यह अलग बहस का विषय है कि पार्टी में यह विभाजन शरद पवार के किसी लंबे खेल का हिस्सा है या सचमुच की परिघटना है। लेकिन जब एनसीपी टूटी तो कहा गया कि पार्टी के अनेक नेता इस बात से नाराज थे कि विपक्षी गठबंधन के नेता राहुल गांधी कैसे हो सकते हैं।**

# क्या आइसक्रीम खाने के बाद आपको भी हो जाता है सिर दर्द...जानिए इसके पीछे का कारण

आइसक्रीम खाने का एक अपना अलग ही मजा है. यह दिलों दिमाग को ठंडा रखने का सबसे बेहतरीन तरीका है. लेकिन कुछ लोगों के लिए आइसक्रीम परेशानी की वजह बन जाता है दरअसल आइसक्रीम खाने के बाद कुछ लोगों को सिर में बहुत तेज दर्द महसूस होने लगता है. अगर आपके साथ भी ऐसा होता है तो जान लीजिए कि इसके पीछे की वजह क्या है.



आइसक्रीम खाने के बाद सिर में दर्द क्यों होता है?

रिपोर्ट के मुताबिक जब आप बहुत ज्यादा ठंडी चीज का सेवन कर लेते हैं तो इसकी तासीर के कारण नर्व में एक दर्द पैदा होता है जिसके कारण इंसान के दिमाग तक सनसनी का एहसास होता है. इसे ब्रेन फ्रीज के नाम से जानते हैं. आइसक्रीम से होने वाला सिरदर्द आमतौर पर अचानक और बहुत तेज महसूस होता है. जो कुछ सेकंड से 1 मिनट तक रह सकता है.आपको माथे या कनपटी में तेज चुभन वाला दर्द महसूस करा सकता है.हार्वर्ड हेल्थ पब्लिशिंग के मुताबिक ठंड उत्तेजक दर्द काफी आम है. क्योंकि यह 30 से 40 फ़ीसदी लोगों में होता है. यह लक्षण हनीरहित माने जाते हैं और इससे किसी भी बीमारी का खतरा नहीं होता है.

क्या कहते हैं एक्सपर्ट

ब्रेन फ्रीज को लेकर हुई रिसर्च कहती है कि ऐसा तब होता है जब ब्रेन के सेरेब्रल आर्टरी में अचानक से ब्लड का फ्लो बढ़ता है और कुछ समय बाद जैसे–जैसे धमनियां वापस अपने पुराने स्थिति में वापस आने लगती है वैसे वैसे दर्द ठीक हो जाता है. जिन लोगों में यह समस्या देखी गई है उसे गर्म पानी पिलाया जाता है. एक्सपर्ट के मुताबिक ब्रेन फ्रीज होने पर गर्म पानी से गरारे किए जाते हैं. मुंह में हर हिस्से तक गर्म पानी पहुंचने के बाद शरीर में गर्म हवा का सरकुलेशन बढ़ता है. इससे ब्रेन फ्रीज होने से राहत मिलती है.एक्सपोर्ट का मानना है कि जो लोग पहले से माइग्रेन से जूझ रहे हैं, वह अगर ठंडी चीज का सेवन करते हैं तो ब्रेन फ्रीज होने का खतरा और भी ज्यादा रहता है. अगर आप इस समस्या से बचना चाहते हैं तो ठंडी चीजों के सेवन से बचें.

# बच्चों को चाय पिलाने की गलती कभी न करें, वरना छोटी उम्र में ही लग जाएंगी कई बीमारियां

भारत में अधिकतर लोग अपने दिन की शुरुआत चाय पीकर करते हैं. चाय के बिना सुबह की कल्पना कर पाना भी उनके लिए मुश्किल होता है. कुछ लोग तो ऐसे भी हैं, जिन्हें सुबह उठते ही बेड पर चाय चाहिए होती है. बड़े तो बड़े आजकल छोटे–छोटे बच्चों को भी चाय पीने की आदत लग गई है. उन्हें भी वयस्कों की तरह दो से तीन टाइम चाय चाहिए होती है. कई बार तो माएं भी अपने बच्चों को चाय बिस्किट खिलाती हैं, ताकि उनका पेट भर जाए. हालांकि वह इस बात से अनजान है कि छोटी उम्र में बच्चों को चाय पीलाना कितनी खतरनाक साबित हो सकता है.

# लॉजिस्टिक्स क्षेत्र में दक्षता: नए भारत की विकास गाथा

**जुलाई 2016 में अपना कामकाज शुरू करने बाद से, एलडीबी ने 60 मिलियन एक्जिम कंटेनरों की निगरानी की है। भारत के शत–प्रतिशत कंटेनरीकृत एक्जिम कार्गो की निगरानी करने और उनका पता लगाने हेतु आरएफआईडी, आईओटी (इंटरनेट ऑफ थिंग्स) और बिग डेटा एनालिटिक्स से संबंधित प्रौद्योगिकियों के संयोजन के साथ, एलडीबी ने प्रमुख भारतीय बंदरगाहों, सबसे व्यस्त टोल प्लाजा, लगभग 400 कंटेनर फ्रेट स्टेशनों (सीएफएस)/अंतर्देशीय कंटेनर डिपो (आईसीडी) और बंदरगाहों पर खाली यार्ड, विशेष आर्थिक क्षेत्रों और यहां तक कि नेपाल एवं बांग्लादेश की सीमाओं पर स्थित एकीकृत चेक पोस्ट के साथ भी तालमेल बिठाया है। आरएफआईडी से संबंधित आंकड़ों को हासिल करने के उद्देश्य से एसपीवी द्वारा माल ढुलाई के लिए सर्पित गलियारों (डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर) सहित सभी प्रमुख सडक़ एवं रेल मार्गों पर लगभग 3000 आरएफआईडी रीडर स्थापित किए गए हैं। एलडीबी द्वारा हासिल एवं व्यवस्थित किए गए आंकड़ों का विभिन्न प्रकार से विश्लेषण किया जाता है। इन विश्लेषणों में बंदरगाह पर कंटेनरों के ठहराव के समय की गणना, माल की आवाजाही के क्रम में होने वाले भीड़भाड़ का विश्लेषण, कंटेनर की आवाजाही की गति का विश्लेषण, प्रदर्शन संबंधी मानदंड, आवागमन में लगने वाले समय का विश्लेषण (बंदरगाह से सीएफएस या इसके उलट) आदि शामिल है।**

सुमिता डावरा

भारत आज विकास की ऊंची उड़ान भरने को तैयार है। वैश्विक स्तर पर सभी प्रतिस्पर्धियों की तुलना में भारत की लॉजिस्टिक्स संबंधी रेटिंग बेहतर होते जाने के साथ–साथ लॉजिस्टिक्स से जुड़ी इसकी बाधाएं दूर होती जा रही हैं।

मैन्यूफैक्चरिंग और व्यापार के क्षेत्र में भारत की वैश्विक स्थिति बुनियादी ढांचे और निर्यात–आयात (एक्जिम) संबंधी लॉजिस्टिक्स को बेहतर बनाने से संबंधित सुधारों के साथ गहराई से जुड़ी हुई है। बुनियादी ढांचे को अर्थव्यवस्था के एक महत्वपूर्ण विकास इंजन के रूप में पहचानते हुए, प्रधानमंत्री की गतिशक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान (एनएमपी) और राष्ट्रीय लॉजिस्टिक्स नीति जैसे सुधारों ने सामानों एवं यात्रियों की आवाजाही के लिए लॉजिस्टिक्स से जुड़े बुनियादी ढांचे और लॉजिस्टिक्स संबंधी सेवाओं में सुधार पर ध्यान केन्द्रित किया है। और बहुत ही कम समय में, इन सुधारों के परिणाम दिखाई देने लगे हैं।




विश्व बैंक ने लॉजिस्टिक्स परफॉर्मेंस इंडेक्स (एलपीआई) से संबंधित 2023 की अपनी रिपोर्ट में लॉजिस्टिक्स से जुड़ी उन्नत दक्षता की दिशा में भारत द्वारा की गई प्रगति को स्वीकार किया है। विश्व बैंक की यह रिपोर्ट 139 देशों के एलपीआई के बारे में जानकारी साझा करती है और भारत को इस सूचकांक में 38वें स्थान पर रखती है, जोकि 2018 में हमारी रैंक की तुलना में छह स्थान ऊपर है।

एलपीआई छह व्यापक मापदंडों पर आधारित 'गुणात्मक धारणाओं का एक सर्वेक्षण–आधारित परिमाणीकरण' है, जो सीमा शुल्क, बुनियादी ढांचे, अंतरराष्ट्रीय लदान (शिपमेंट), लॉजिस्टिक्स संबंधी क्षमता एवं लॉजिस्टिक्स से जुड़ी सेवाओं की गुणवत्ता, समयबद्धता, निगरानी एवं जानकारी जैसे पहलुओं पर विचार करता है।

विश्व बैंक एक ऐसी उभरती हुई अर्थव्यवस्था के रूप में भारत का उदाहरण देता है, जिसने 2015 से देश के पूर्वी एवं पश्चिमी दोनों तटों पर स्थित बंदरगाहों को सुदूर इलाकों में स्थित आर्थिक केन्द्रों से जोड़ते हुए बुनियादी ढांचे एवं विभिन्न प्रौद्योगिकियों में निवेश किया है। अन्य कारकों के अलावा, इस तरह के निवेश के कारण ही बंदरगाहों पर कंटेनरों के ठहराव के समय के मामले में भारत का प्रदर्शन कई विकसित देशों की तुलना में कहीं बेहतर है। मई से लेकर अक्टूबर 2022 के बीच, भारत में कंटेनरों के ठहराव का समय न्यूनतम 3 दिन था, जबकि संयुक्त अरब अमीरात एवं दक्षिण अफ्रीका के मामले में यह समय 4 दिन, अमेरिका के मामले में 7 दिन और जर्मनी के मामले में 10 दिन था। विश्व बैंक की यह रिपोर्ट भारत को एक ऐसे देश के रूप में प्रस्तुत करती है, जिसने नेशनल लॉजिस्टिक्स डेटा बैंक सर्विसेज लिमिटेड (एनएलडीबीएसएल) जैसे डिजिटलीकृत प्लेटफॉर्म के उपयोग के जरिए आपूर्ति श्रृंखला में दृश्यता ला दी है। यह रिपोर्ट बताती है कि लॉजिस्टिक्स डेटा बैंक (एलडीबी) कैसे आरएफआईडी (रेडियो फ्रीक्वेंसी आइडेंटिफिकेशन) टैग के उपयोग के जरिए भारत में एक्जिम कंटेनरों की आवाजाही की निगरानी करता है और उसके बारे में सटीक जानकारी रखता है, जिससे माल पाने वाले (कान्साइनी) के लिए अपनी आपूर्ति श्रृंखला की 'एक छोर से दूसरे छोर तक निगरानी' (एंड–टू–एंड ट्रैकिंग) करना संभव हो जाता है। शुरु में, माल की स्थिति का पता लगाने वाले (कार्गो ट्रेसिंग) इस प्रकार के तंत्र का शुभारंभ 2016 में देश के पश्चिमी तट पर किया गया था और आज इस तंत्र के दायरे में सभी प्रमुख बंदरगाह और निजी बंदरगाह आते हैं। भारतीय बंदरगाहों पर कंटेनरों के बेहतर ठहराव समय के लिए इसे श्रेय दिया जाता है। विश्व बैंक की रिपोर्ट को उद्धृत करते हुए अगर कहें तो माल की निगरानी (कार्गो ट्रैकिंग) व्यवस्था की शुरुआत के साथ, देश के पूर्वी तट पर स्थित विशाखापत्तनम बंदरगाह पर कंटेनरों के ठहराव का समय 2015 में 32.4 दिन से घटकर 2019 में 5.3 दिन रह गया।

देश के उज्जवल भविष्य के निर्माण में लॉजिस्टिक्स क्षेत्र की महत्वपूर्ण भूमिका को पहचानते हुए, भारत सरकार ने आपूर्ति श्रृंखलाओं पर निगरानी रखने हेतु एक डिजिटल प्रणाली के रूप में लॉजिस्टिक्स डेटाबैंक प्रोजेक्ट (एलडीबी) का शुभारंभ किया था। एनएलडीबीएसएल को राष्ट्रीय औद्योगिक गलियारा विकास निगम (एनआईसीडीसी) और निप्पॉन इलेक्ट्रिक कंपनी (एनईसी) लिमिटेड नाम की जापानी कंपनी के बीच एक एसपीवी (विशेष प्रयोजन वाहन) के रूप में संचालित किया जाता है। एलडीबी, एक्जिम कंटेनर की आवाजाही के बारे में वास्तविक समय में विस्तृत जानकारी प्रदान करने हेतु आपूर्ति श्रृंखला में कार्यरत विभिन्न एजेंसियों के पास उपलब्ध डिजिटल जानकारी को एकत्रित व व्यवस्थित करता है। यह प्लेटफॉर्म भारत के एक्जिम कंटेनर की शत–प्रतिशत मात्रा को संभालता है। इस पर एक मोबाइल ऐप के साथ–साथ एक पोर्टल के जरिए माल पाने वालों (कान्साइनी) के लिए जानकारी पाने की सुविधा उपलब्ध है। इस तरह, एलडीबी दृश्यता प्रदान करता है और भारत के कंटेनरीकृत एक्जिम लॉजिस्टिक्स से संबंधित बिग डेटा एनालिटिक्स को सक्षम बनाता है।

जुलाई 2016 में अपना कामकाज शुरू करने बाद से, एलडीबी ने 60 मिलियन एक्जिम कंटेनरों की निगरानी की है। भारत के शत–प्रतिशत कंटेनरीकृत एक्जिम कार्गो की निगरानी करने और उनका पता लगाने हेतु आरएफआईडी, आईओटी (इंटरनेट ऑफ थिंग्स) और बिग डेटा एनालिटिक्स से संबंधित प्रौद्योगिकियों के संयोजन के साथ, एलडीबी ने प्रमुख भारतीय बंदरगाहों, सबसे व्यस्त टोल प्लाजा, लगभग 400 कंटेनर फ्रेट स्टेशनों (सीएफएस)/अंतर्देशीय कंटेनर डिपो (आईसीडी) और बंदरगाहों पर खाली यार्ड, विशेष आर्थिक क्षेत्रों और यहां तक कि नेपाल एवं बांग्लादेश की सीमाओं पर स्थित एकीकृत चेक पोस्ट के साथ भी तालमेल बिठाया है। आरएफआईडी से संबंधित आंकड़ों को हासिल करने के उद्देश्य से एसपीवी द्वारा माल ढुलाई के लिए सर्पित गलियारों (डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर) सहित सभी प्रमुख सडक़ एवं रेल मार्गों पर लगभग 3000 आरएफआईडी रीडर स्थापित किए गए हैं।

एलडीबी द्वारा हासिल एवं व्यवस्थित किए गए आंकड़ों का विभिन्न प्रकार से विश्लेषण किया जाता है। इन विश्लेषणों में बंदरगाह पर कंटेनरों के ठहराव के समय की गणना, माल की आवाजाही के क्रम में होने वाले भीड़भाड़ का विश्लेषण, कंटेनर की आवाजाही की गति का विश्लेषण, प्रदर्शन संबंधी मानदंड, आवागमन में लगने वाले समय का विश्लेषण (बंदरगाह से सीएफएस या इसके उलट) आदि शामिल है। ये विश्लेषण मासिक, त्रैमासिक और वार्षिक आधार पर किए जाते हैं और सभी संबंधित मंत्रालयों, बंदरगाह के प्राधिकारियों, टर्मिनल के संचालकों, सीमा झ्र शुल्क से जुड़ी एजेंसियों और अन्य हितधारकों के साथ साझा किए जाते हैं।

दूसरी ओर, संबंधित एजेंसियों द्वारा कठिनाई पैदा करने वाले बिंदुओं और सुधार की जरूरत वाले क्षेत्रों की पहचान करने हेतु नियमित विश्लेषणों का उपयोग किया जाता है। पिछले कुछ वर्षों के एलडीबी के आंकड़ों के विश्लेषण से यह पता चलता है कि कंटेनरों की निकासी मामले में आईसीडी और सीएफएस के प्रदर्शन में सुधार के अलावा कंटेनर को संभालने से जुड़े प्रदर्शन, सडक़ मार्ग से गुजरने वाले कंटेनरों की निकासी, प्रमुख राजमार्गों पर कंटेनर की गति के मामले में भी सुधार हुआ है। दिल्ली–मुंबई मार्ग और मुंद्रा बंदरगाह को जोडऩे वाले मार्ग जैसे प्रमुख राजमार्गों पर कंटेनर की गति भी 2018 की तुलना में बेहतर हुई है।

आज, एलडीबी ने दक्षता के साथ सीमा पार व्यापार को सुनिश्चित करने हेतु न केवल नेपाल एवं बांग्लादेश की सीमाओं तक अपनी सेवाओं का विस्तार किया है, बल्कि वह भारत के एक्जिम कंटेनरों की आवागमन के दौरान ठहराव वाले पहले अंतरराष्ट्रीय बंदरगाह तक निगरानी रखने के लिए समुद्री ट्रैकिंग प्रणाली का भी उपयोग करता है। इसके अलावा, हमारे एफटीए को समान अंतरराष्ट्रीय प्रणालियों के साथ एकीकृत करके लाभ उठाने की संभावना तलाशना हमारे आगे के कदमों का हिस्सा है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि निर्यात कंटेनर पूरी दक्षता के साथ अंतिम गंतव्य तक पहुंचें और इससे हमारे व्यापार को बढ़ावा मिले।

यह तेज गति से चलने वाले लेन में एक लंबी यात्रा की शुरुआत मात्र है। लॉजिस्टिक्स इकोसिस्टम में सुधार हेतु भारत द्वारा नवीन डिजिटल प्रौद्योगिकियों का उपयोग हमारी गति में और तेजी लाएगा तथा सोने पर सुहागा की स्थिति बनाते हुए अगले कुछ वर्षों में वैश्विक स्तर पर हमारी लॉजिस्टिक्स रैंकिंग को भी बेहतर करेगा। यह गति निश्चित रूप से 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनने के हमारे महत्वाकांक्षी लक्ष्य को साकार करने में मदद करेगी।

**(लेखिका आईएएस, विशेष सचिव (लॉजिस्टिक्स, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय) भारत सरकार; तथा एनआईसीडीसी की सीईओ एवं एमडी हैं)**

## चेक गणराज्य में बस दुर्घटना में एक की मौत, कई घायल

**प्राग , एजेंसी।** चेक गणराज्य में दो बसों की टक्कर में एक व्यक्ति की मौत हो गई और 70 से अधिक लोग घायल हो गए है। पुलिस ने कहा कि यह यह दुर्घटना सोमवार को हुई थी। उन्होंने बताया कि यह दर्दनाक दुर्घटना कल दोपहर में देश के दक्षिणपूर्वी क्षेत्र में ब्रनो के पास डी2 मोटरवे पर हुई।

पुलिस ने सोशल मीडिया से कहा, प्रारंभिक रिपोर्टों के अनुसार एक बस ड्राइवर की मौके पर ही मौत हो गई और दोनों बसों की टक्कर में कई यात्री घायल हुए हैं। चेक गणराज्य की अग्निशमन सेवा ने बाद में कहा कि मृतक चालक का शव बरामद कर लिया है। ब्रनो की दिशा में डी2 मोटरवे अभी भी बंद था। दोनों बसों में 70 से अधिक लोग यात्रा कर रहे थे। घायलों में से 14 की हालत गंभीर बतायी गयी है और कुछ लोगों को अग्निशामकों द्वारा ब्रनो ले जाया गया है।

## अनंतनाग में आतंकवादियों ने दो गैर स्थानीय मजदूरों को गोली मारी

**श्रीनगर (एजेंसी)।** जम्मू कश्मीर के अनंतनाग जिले में मंगलवार रात आतंकवादियों ने दो गैर स्थानीय मजदूरों को गोली मारकर घायल कर दिया। पिछले पांच दिनों में जम्मू कश्मीर में बाहरी मजदूरों पर यह दूसरा हमला है। पुलिस ने कहा कि आतंकवादियों ने अनंतनाग में दो गैर स्थानीय मजदूरों पर गोलीबारी की। दोनों घायल मजदूरों को अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है। सूत्रों ने बताया कि हमले में शामिल आतंकवादियों को पकडऩे के लिए इलाके की घेराबंदी कर दी गई है। जम्मू कश्मीर पुलिस ने ट्वीट किया, आतंकवादियों ने अनंतनाग में दो बाहरी मजदूरों पर गोलीबारी की। दोनों घायल नागरिकों को अस्पताल ले जाया गया है, जहां उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है। तलाशी अभियान के लिए इलाके की घेराबंदी की जा रही है।

## अमरनाथ यात्रा : भारी बारिश के बीच भगवती नगर शिविर से रवाना हुआ 4920 तीर्थयात्रियों का नया जत्था

**जम्मू (एजेंसी)।** भारी बारिश के बीच 'बम बम भोले' का जाप करते हुए बुधवार बाबा बर्फानी का दर्शन करने के लिए भगवती नगर आधार शिविर से दक्षिण कश्मीर के हिमालय में स्थित श्री अमरनाथ गुफा के लिए 4920 तीर्थयात्री रवाना हुए।एक अधिकारी ने बताया कि 4920 तीर्थयात्रियों का एक जत्था 188 वाहनों के काफिले में आधार शिविर से रवाना हुआ। वहीं, 2566 तीर्थयात्रियों (1974 पुरुष, 496 महिलाएं, 11 बच्चे, 81 साधु और चार साध्वियां) का एक समूह 107 वाहनों के काफिले में पहलगाम के लिए रवाना हुआ। उधर, 1381 पुरुष, 955 महिलाएं और 18 बच्चों का जत्था कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच के काफिले में बालटाल के लिए रवाना हुए। उल्लेखनीय है कि एक जुलाई को शुरू हुई श्री अमरनाथ यात्रा 31 अगस्त को समाप्त होगी।

## भीलवाड़ा में रोडवेज स्टेशन में करंट लगने से दो व्यक्तियों की मौत

**भीलवाड़ा (एजेंसी)।** राजस्थान के भीलवाडा रोडवेज बस स्टैंड परिसर में करंट लगने से दो लोगों की मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार रोडवेज बस स्टैंड परिसर में एटीएम गन्ने की चरखी लगी हुई उसी के पास जोधपुर क्षेत्र का रहने वाला बाबूलाल मीणा और एक मुस्लिम युवक सोया हुआ था बरसात के चलते रात्रि के समय किसी समय करंट लगने से दोनों की मौत हो गई। पुलिस की माने तो बाबूलाल एटीएम में सोता है ।

# पाक महिला के पास से मिले 4 मोबाइल, पांच पासपोर्ट समेत बहुत कुछ मिला



### यूपी डीजीपी दफ्तर ने दी जानकारी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सीमा पार से आई सीमा हैदर की जांच में हर रोज नए खुलासे हो रहे हैं। बुधवार को लखनऊ स्थित उत्तर प्रदेश डीजीपी द्वारा इस संदर्भ में जानकारी देते हुए बताया कि सीमा हैदर के पास से दो वीडियो कैसेट, चार मोबाइल फोन, पांच पाकिस्तान अधिकृत पासपोर्ट, अधूरे नाम और पते के साथ एक अप्रयुक्त पासपोर्ट और आईडी कार्ड बरामद किया गया है।

उत्तर प्रदेश के डीजीपी कार्यालय ने एक संक्षिप्त नोट जारी करते हुए बताया कि इसकी जांच चल रही है। वह अपने चार बच्चों के साथ अवैध रूप से भारत में दाखिल हुई और जिला पुलिस इस संबंध में जांच कर रही है।

ब्रीफ नोट के अनुसार सीमा हैदर के खिलाफ 4 जुलाई को मामला दर्ज किया गया। स्थानीय पुलिस की जांच में प्रकाश में आया कि सीमा गुलाम हैदर व सचिन मीणा साल 2020 में पबजी ऑनलाइन गेम के माध्यम से सम्पर्क में आयें थे, दोनों के बीच पब्जी गेम के जरिए ही नजदीकियां बढ़ीं और दोनों एक दूसरे का नंबर आपस में शेयर करके वाट्स एप पर बातचीत करने लगे।

10 मार्च 2023 को सीमा हैदर नेपाल पहुंची, इसी दिन सचिन मीणा भी भारत से नेपाल पहुंच गया। 17 मार्च तक दोनों काठमांडू में साथ रहे। 17 को सीमा हैदर पाकिस्तान वापिस चली गई। इसके बाद 11 मई को वह अपने चार बच्चों को लेकर पाकिस्तान से चली, 13 मई को वह काठमांडू होते अनाधिकृत रूप से भारत आ गई और सचिन मीणा के साथ बुपुरा में किराये के मकान में रहने लगी।

इस सम्बंध में थाना रबूपुरा पर अभियोग पंजीकृत कराया गया और तीन लोगों सचिन मीणा, सीमा गुलाम हैदर और नेत्रपाल उर्फ नित्तर (सचिन मीणा के पिता) को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। वर्तमान में सभी जमानत पर बाहर है। मामले की पड़ताल की जिम्मेदारी यूपी एटीएस को सौंपी गई। इसके बाद अब तक जो तथ्य सामने आए हैं, वो कुछ इस तरह हैं।

सीमा हैदर का पति गुलाम हैदर साल 2019 से काम करने के लिए सउदी अरब गया हुआ है, जो सीमा हैदर को घर खर्चा हेतु 70–80 हजार रुपये प्रतिमाह (पाकिस्तानी रुपये) सऊदी से भेजता था, जिसमें से मकान किराया, बच्चों की स्कूल फीस, आदि घर के खाने खर्चे के बाद यह 20–25 हजार रुपये प्रति माह की बचत करती थी।

पूछताछ में सीमा ने बताया कि उसने अपने गांव में 1 लाख रुपये की 20 माह की 2 कमेटी भी डाल रखी थी। साल 2021 में दोनो कमेटी खुलने के बाद करीब 2 लाख रुपये इकठ्ठा हो गये थे। इसके पास 4–5 लाख रुपये सालाना बच जाता था। यह अपनी बचत का सारा पैसा मकान मालिक की बेटी के पास रखती थी। 1 लाख रुपये हैदर के पिताजी ने भेजे थे और 5–6 लाख रूपयें इसकी बचत के थे और इसके अतिरिक्त एक बार हैदर ने 2 लाख 50 हजार रुपये सऊदी से एक साथ भेजे थे, कुछ पैसे और रिश्तेदारों की मदद से 12 लाख रुपये का 39 गज का मकान इसने अपने नाम खरीदा लिया था। मकान खरीदने के लगभग 3 महीने बाद जनवरी 2022 में इसने यह मकान 12 लाख में बेच दिया, क्योंकि इसे सचिन मीणा के पास भारत आना था। पहली बार सीमा हैदर 15 दिन के टूरिस्ट वीजा पर दिनांक 10 मार्च 2023 को कराची एयरपोर्ट से शारजाह एयरपोर्ट से काठमांडू एयरपोर्ट नेपाल पहुंची और दिनांक 17 मार्च 2023 को इसी रूट से नेपाल से वापस चलकर दिनांक 18 मार्च 2023 को पाकिस्तान कराची एयरपोर्ट पहुंची।सचिन मीणा दिनांक 08 मार्च 2023 को परीचोक, गौतमबुद्धनगर से गोरखपुर पहुंचा व 09 मार्च 2023 को गोरखपुर से सोनौली बार्डर व सोनोली बार्डर से काठमांडू नेपाल के लिए निकला और 10 मार्च 2023 को सुबह काठमांडू नेपाल में पहुँचकर न्यू विनायक होटल, न्यू बसअड्डा पार्क, काठमांडू में कमरा लेकर रूक गया।सचिन मीणा 10 मार्च 2023 की शाम में एयरपोर्ट काठमांडू नेपाल से सीमा हैदर को रिसिव करके न्यू विनायक होटल, काठमांडू ले आया और यह दोनों 10 मार्च 2023 से 17 मार्च 2023 तक न्यू विनायक होटल, काठमांडू में साथ रहे।

दूसरी बार सीमा हैदर दिनाक 10 मई 2023 को 15 दिन के टूरिस्ट वीजा पर पाकिस्तान से अपने चार बच्चों– फरहान उर्फ राज (उम्र 7.5 साल ) व पुत्री – फरवाह उर्फ प्रियंका (उम्र साढ़े 6 साल ), फरिहा उर्फ परी (उम्र 05 साल), मुन्नी (उम्र 03 साल) को साथ लेकर कराची एयरपोर्ट से दुबई एयरपोर्ट पहुंची और 11 मई 2023 को सुबह दुबई एयरपोर्ट से चलकर काठमांडू एयरपोर्ट नेपाल आयी। वहां से पब्लिक ट्रांसपोर्ट वैन में बैठकर शाम के समय पोखरा नेपाल पहुंची व पोखरा नेपाल में होटल (जिसका नाम इसे याद नही है) में कमरा लेकर रात को रूकी।

सीमा हैदर, 12 मई 2023 की सुबह पोखरा नेपाल से बस पकडकर रूपनडेही खुनवा (ङँ४ल्ल६) बार्डर जनपद सिद्धार्थनगर से भारत में प्रवेश करके वाया लखनऊ आगरा होते हुए दिनांक 13 मार्च 2023 को रबुपुरा कट, गौतमबुद्धनगर पर बस से उतरी। सचिन मीणा द्वारा पूर्व से ही रबुपुरा में एक किराये का कमरा ले रखा था। इस किराये के कमरे में सचिन मीणा और सीमा हैदर साथ साथ रह रहे थे।


सीमा हैदर से 02 वीडियों कैसेट, 04 मोबाइल फोन, 05 पाकिस्तानी अधिकृत पासपोर्ट व 01 अधुरे नाम–पते का बिना प्रयोग किया हुआ पासपोर्ट तथा शिनाख्ती कार्ड प्राप्त हुए हैं, जिनके सम्बंध में जॉच प्रचलित है।

## वैष्णो देवीः भारी बारिश–भूस्खलन के बाद हिमकोटी मार्ग आवाजाही के लिए रहा बंद

**कटड़ा, एजेंसी।** कटड़ा समेत वैष्णो देवी के मार्गों पर जगह–जगह हो रहे भूस्खलन और भारी बारिश को देखते हुए श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड पूरी तरह से सतर्क हो गया है।वैष्णो देवी भवन की तरफ जाने वाले मार्गों पर आपदा प्रबंधन दल के साथ ही इंफोर्समेंट विंग, श्राइन बोर्ड प्रशासन, पुलिस विभाग, सीआरपीएफ के अधिकारी व जवान जगह–जगह तैनात कर दिए गए हैं।

बोर्ड ने भवन को तरफ जाने वाले ताराकोट मार्ग और हिमकोटी मार्ग को श्रदालुओं की आवाजाही के लिए बंद कर दिया गया था। मां वैष्णो देवी की यात्रा को लेकर श्रद्धालुओं पर कड़ी निगाह रखी जा रही है। दूसरी ओर श्राइन बोर्ड प्रशासन द्वारा मां वैष्णो देवी भवन के साथ ही भवन मार्ग पर धार्मिक स्थान अर्द्धकुंवारी, धर्मनगरी कटरा में कंट्रोल रूम स्थापित किए गए हैं।

जहां से पल–पल मौसम के साथ ही मां वैष्णो देवी की यात्रा की जानकारी प्राप्त की जा रही है। श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड ने श्रद्धालुओं के लिए एडवाइजरी जारी की है कि वह खराब मौसम तथा लगातार हो रही बारिश के चलते यात्रा आरंभ करने से पहले सूचना केंद्रों के साथ ही कंट्रोल रूम से पूरी



जानकारी प्राप्त करें।

उसके बाद ही वैष्णो देवी की यात्रा जारी रखें। बीती रात से लगातार भारी बारिश को लेकर रात के समय भवन की ओर रवाना हुए श्रद्धालुओं को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। बुधवार को सभी तरह के महत्वपूर्ण सेवाएं पूरी तरह से प्रभावित रही इनमें बैटरी कार सेवा, हेलीकॉप्टर सेवा, रोपवे पैसेंजर केबल कार प्रमुख है।

वर्तमान में श्रद्धालु पैदल या फिर घोड़ा, पिट्ठू अथवा पालकी आदि कर अपनी मां वैष्णो देवी की यात्रा जारी रखे हुए हैं। लगातार बारिश के कारण मां वैष्णो देवी का पारंपरिक मार्ग ही सुचारू है जहां से भवन की ओर श्रद्धालुओं का आना जाना लगा हुआ है। बीती रात से शुरू हुई बारिश बुधवार को दिन भर जारी रही।बीते 24 घंटों में हुई भारी बारिश ने पिछले सभी रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। बीते 24 घंटों में मां वैष्णो देवी भवन के साथ ही मार्ग तथा आधार शिविर कटड़ा में 315. 4 एमएम बारिश रिकॉर्ड की गई है। हिमकोटी मार्ग पर भूस्खलन होने से बैटरी कार सहित पैदल आवाजाही बंद कर दी है।

## सियाचिन ग्लेशियर में सेना के बंकर में लगी भीषण आग, कैप्टन सहित 3 सैन्यकर्मी घायल

**जम्मू, एजेंसी।** पश्चिमी लद्दाख के सियाचिन ग्लेशियर में बुधवार तड़के सेना के बंकर में आग लगने से एक कैप्टन बलिदान व तीन सैन्यकर्मी घायल हो गए। सियाचिन ग्लेशियर में बंकर में आग लगने की घटना में बलिदान हुए अधिकारी की पहचान मेडिकल ऑफिसर, कैप्टन अंशुमन सिंह के रूप में हुई है।

सूत्रों के अनुसार, आग लगने से घायल तीन सैन्य कर्मियों में के एक लेफ्टिनेंट कर्नल रैंक का अधिकारी भी है। बंकर में आग लगने से घायल हुए सभी सैन्य कर्मियों को बेहतर इलाज के लिए हेलीकॉप्टर से बुधवार को चंडीगढ़ ले लाया गया है।

बताया गया कि सियाचिन में अपने बंकर के निकट आयुध भंडार में आग लगने के बाद



कैप्टन अंशुमन चपेट में आए सैनिकों को बचाने के लिए आ गए। वह जवानों को बचाते हुए बुधवार तड़के बलिदान हो गए।

कैप्टन अंशुमन सिंह आर्म्ड फोर्स मेडिकल कॉलेज से पास–ाआउट होने के बाद सेना की मेडिकल कोर में भर्ती हुए थे। इस समय वह लद्दाख के सियाचिन ग्लेशियर में तैनात थे। लेह के पीआरओ डिफेंस लेफ्टिनेंट कर्नल पीएस सिद्धू ने रेजीमेंट के मेडिकल अधिकारी के बलिदान होने की पुष्टि की है।उन्होंने बताया कि धुएं व आग में झुलसे तीन सैन्य कर्मियों की हालत स्थिर है। इसी बीच बलिदान हुए अधिकारी कहां के रहने वाले हैं, इसके बारे में अभी तक कोई जानकारी नही मिल पाई है। सेना के एम्युनिशन बंकर में आग बुधवार सुबह तीन बजे के करीब लगी थी।आयुध भंडार में धमाकों के साथ लगी आग में सेना के कुछ बंकर भी चपेट में आ गए। आग लगने के बाद जवानों ने आगे को बुझाने के साथ इसकी चपेट में आए सैनिकों को निकालने की का–र्रवाई शुरू कर दी। शुरुआती जांच में यह कहा जा रहा है कि सियाचिन में सेना के बंकर में बिजली की तारों में शार्ट सर्किट होने के कारण आग लगी है। सेना ने इस मामले में कोर्ट ऑफ इंक्वयरी के आदेश दिए हैं।

## संसदः मानसून सत्र में 31 विधेयकों पर विचार किए जाने की संभावना

### सूची में सबसे पहले दिल्ली से जुड़ा अध्यादेश

**नई दिल्ली , एजेंसी।** 20 जुलाई से शुरू होने वाले संसद के मानसून सत्र के दौरान 31 विधेयकों पर विचार किए जाने की संभावना है। इस सूची में सबसे ऊपर दिल्ली से जुड़ा अध्यादेश है। सरकार कोशिश करेगी कि इसे दोनों सदनों से जल्द से जल्द से पास कराकर कानून का रूप दिया जाए। एक अहम बात यह भी है कि इसमें समान नागरिक संहिता को लेकर कोई भी जिक्र नहीं है।

संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने बताया कि सत्र कल से शुरू हो रहा है। इसलिए सर्वदलीय सदन के नेताओं की एक बैठक बुलाई गई थी। बैठक में 34 दलों और 44 नेताओं ने भाग लिया। हमें महत्वपूर्ण सुझाव मिले। सरकार के पास 31 विधायी सूचीबद्ध आइटम हैं।



सभी दल मणिपुर पर चर्चा चाहते हैं और सरकार इस पर चर्चा के लिए तैयार है।

कांग्रेस ने मानसून सत्र के दौरान सरकार से मणिपुर की स्थिति और ओडिशा रेल हादसे जैसे मुद्दों पर चर्चा कराने की मांग की। पार्टी की ओर से कहा गया कि ताली एक हाथ से नहीं बजती और अगर सरकार सदन चलाना चाहती है तो उसे विपक्ष को अपनी बात रखने का मौका देना चाहिए।

सत्र से पहले सरकार द्वारा बुलाई गई सर्वदलीय बैठक में हिस्सा लेने के बाद लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी ने कहा कि बैठक में हमने संसद के मानसून सत्र के दौरान मणिपुर की स्थिति पर चर्चा कराने की मांग की। हमारी मांग है कि प्रधानमंत्री सदन में आएं और मणिपुर की स्थिति पर चर्चा हो।

कांग्रेस नेता ने कहा कि उनकी पार्टी ने चीन से लगने वाली सीमा पर स्थिति, महंगाई, ओडिशा रेल हादसे, बेरोजगारी, संघीय ढांचे पर प्रहार जैसे मुद्दों पर भी चर्चा कराने की मांग की है। हम दिल्ली इसलिए आए हैं कि सदन में चर्चा करें और जनता के मुद्दों को उठाएं।

इस बीच संसद के मानसून सत्र से पहले एनडीए की बैठक हुई। इस बैठक से पहले सरकार ने सभी दलों के साथ भी अहम बैठक की। केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने विपक्षी गठबंधन पर भी तंज कसते हुए कहा कि नाम बदलने से लोग नहीं बदल जाएंगे। लोग तो वही हैं, यह तो वह बात है कि पुरानी वाइन और नई बोतल।

केंद्रीय मंत्री रामदास अठावले ने कहा कि सर्वदलीय बैठक में मैंने मुद्दा उठाया है कि सदन सुचारू रूप से चले, विपक्ष को हंगामा नहीं करना चाहिए। इसके अलावा मैंने दलितों और महिलाओं पर हो रहे अत्याचार और रउ, रळ को प्रमोशन और प्राइवेट सेक्टर में उन्हें आरक्षण देने का मुद्दा उठाया है।

संसद के मानसून सत्र की शुरुआत 20 जुलाई से होगी। जानकारी के मुताबिक, मानसून सत्र 11 अगस्त तक चल सकता है। इस दौरान संसद के दोनों सदनों की कुल 17 बैठकें प्रस्तावित हैं।

### महंगाई की मार झेल रहे टमाटर को मिला केंद्र का साथ

## फिर घटी कीमत, अब 70 रुपये प्रति किलो में बेचेगी सरकार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आम आदमी की रसोई को सबसे ज्यादा महंगाई की मार झेलनी पड़ रही है। ऐसे में केंद्र सरकार ने जनता को राहत पहुंचाने के लिए एक बार फिर से सब्सिडी वाले टमाटर की कीमतों में बड़ी गिरावट की है। बता दें कि महंगाई की मार झेल रहे टमाटों की कीमतें गुरुवार से 80 रुपये प्रति किलोग्राम से घटाकर 70 रुपये प्रति किलोग्राम कर दी गई हैं।

पिछले हफ्ते शुक्रवार से केंद्र



सरकार रियायती दरों पर टमाटर बेच रही है। सरकार की ओर से सहकारी संस्थाएं नेफेड और एनसीसीएफ ने टमाटर बेचने का जिम्मा अपने कंधों पर उठाया है।

उपभोक्ता मामलों के विभाग ने टमाटर की कीमतों में गिरावट के मद्देनजर एनसीसीएफ और नेफेड को 20 जुलाई, 2023 से 70 रुपये प्रति किलोग्राम की खुदरा कीमत पर टमाटर बेचने का निर्देश दिया है।

सरकार लगातार सब्सिडी वाले टमाटरों की कीमतों को आसमान से जमीन पर लाने की कोशिशें कर रही है। ऐसे में एनसीसीएफ और नेफेड शुरुआत में टमाटरों को 90 रुपये प्रति किलोग्राम के हिसाब से बेच रहा था। हालांकि, 16 जुलाई, 2023 को इसकी कीमतें घटाकर 80 रुपये प्रति किलोग्राम कर दी गई थीं। बयान के मुताबिक, टमाटर की कीमतें 70 रुपये प्रति किलोग्राम होने से उपभोक्ताओं को और फायदा होगा। बयान में कहा गया कि दिल्ली–एनसीआर में टमाटर की खुदरा बिक्री 14 जुलाई, 2023 से शुरू हुई थी। 18 जुलाई, 2023 तक दोनों एजेंसियों द्वारा कुल 391 टन टमाटर की खरीद की गई थी।

## दिल्ली में यमुना फिर खतरे के निशान से ऊपर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** यमुना नदी का जलस्तर एक बार फिर खतरे के निशान को पार कर 205.35 मीटर तक पहुंच गया है।

बुधवार सुबह सात बजे यह खतरे के निशान से ऊपर दर्ज किया गया। एक घंटे बाद जलस्तर 205.48 मीटर पर पहुंच गया। खतरे का स्तर 205.33 मीटर है। यह खतरे के स्तर से 15 सेंटीमीटर ऊपर बह रही है। अधिकारी पहाड़ी इलाकों में मौजूदा बारिश के कारण मात्रा में बढ़ोतरी की उम्मीद कर रहे हैं।

## मौसम विभाग ने जम्मू–कश्मीर में बाढ़ की चेतावनी जारी की

**श्रीनगर (एजेंसी)।** पिछले 24 घंटों के दौरान जम्मू–कश्मीर में आसमान में बादल छाए रहे। मौसम विभाग ने बुधवार को अगले दो दिनों के लिए बाढ़ के खतरे की चेतावनी जारी की है।

मौसम विभाग के एक बयान में कहा गया है, वर्तमान में, जम्मू क्षेत्र के अधिकांश स्थानों और घाटी के अनंतनाग, कुलगाम क्षेत्र में बारिश हो रही है।

जम्मू क्षेत्र के रियासी जिले के कटरा में 24 घंटों में 315.4 मिमी बारिश हुई। यह 1980 के बाद से सबसे अधिक है। इससे पहले 31 जुलाई 2019 को यह 292.4 मिमी बारिश हुई थी। जम्मू और कश्मीर क्षेत्रों में अगले 3–4 घंटों तक बारिश जारी रहने और उसके बाद कम होने की संभावना है। 20–22 जुलाई को जम्मू क्षेत्र के कई स्थानों पर और कश्मीर क्षेत्र के छिटपुट स्थानों पर रुक–रुक कर हल्की से मध्यम बारिश/गरज के साथ बौछारें पड़ेंगी।

## हिंडेनबर्ग रिपोर्ट स्वार्थी तत्वों का काम, न्यायालय की समिति को समूह में नहीं दिखी कमी : अडाणी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अडाणी उद्योग समूह के प्रमुख गौतम अडाणी ने अमेरिकी सटोरिया कंपनी हिंडेनबर्ग रिसर्च के आरोपों का सीधा जवाब देते हुए मंगलवार को अपने शेयरधारकों से कहा कि उन्होंने समूह की कंपनियों के संचालन और उनकी सूचना रिपोर्ट के स्तर पर पूरा भरोसा है। उन्होंने इस बात का भी उल्लेख किया कि इस मामले में उच्चतम न्यायालय द्वारा गठित समिति को भी समूह में कोई गड़बड़ी नहीं मिली है। अडाणी एंटरप्राइजेज के शेयरधारकों की आज आयोजित वार्षिक आम बैठक में अरबपति उद्यमी अडाणी के संबोधन के बाद उनकी कंपनियों के शेयरों के बाजार भाव में तीन से छह प्रतिशत तक का उछाल देखा गया।

अडाणी ने कहा कि उन्हें समूह की कंपनियों के संचालन और उनकी वित्तीय रिपोर्टों के स्तर को लेकर पूरा भरोसा है। समूह द्वारा बाजार को दी जाने वाली सूचनाओं में कमी संबंधी हिंडेनबर्ग रिसर्च की इसी वर्ष के शुरू में जारी रिपोर्ट का सीधा जबाव देते हुए उन्होंने कहा कि 'निहित स्वार्थी तत्वों ने कंपनी को नुकसान पहुंचाने के लिए यह रिपोर्ट लिखी।'

## कर्नाटकः विधानसभा के मौजूदा सत्र से 10 बीजेपी विधायक निलंबित

**नई दिल्ली, एजेंसी।** तीन जुलाई से शुरू हुआ कर्नाटक विधानसभा का सत्र 21 जुलाई को समाप्त होने वाला है। हालांकि, इन अंतिम दिनों में सदन में भारी हंगामा देखने को मिल रहा है। बुधवार को विधानसभा के बाहर हंगामे के बाद भाजपा विधायक बसनगौड़ा पाटिल बेहोश हो गए। जानकारी के मुताबिक, पाटिल को अस्पताल ले जाया गया है। वहीं सत्र के दौरान विधानसभा उपाध्यक्ष और आसन पर कागज फेंकने के आरोप में भाजपा के 10 विधायकों को मौजूदा सत्र के लिए निलंबित कर दिया गया है।

राज्य विधानसभा के अध्यक्ष यूटी खादर ने बुधवार को सदन में विधायकों पर अशोभनीय और अपमानजनक व्यवहार करने का आरोप लगाया है। कार्रवाई का



सामने करने वाले विधायकों में चार (डॉ. सीएन अश्वथ नारायण, वी सुनील कुमार, आर अशोक, अरागा ज्ञानेंद्र) ऐसे हैं जो पिछली सरकारों में मंत्री रहे चुके हैं। बाकी छह अन्य में डी वेदव्यास कामथ, यशपाल सुवर्ण, धीरज मुनिराज, ए उमानाथ कोटियन, अरविंद बेलाड और वाई भरत शेट्टी शामिल हैं।

आरोप है कि भाजपा के कुछ सदस्यों ने विधेयकों और एजेंडे की प्रतियां फाड़ दीं और उन्हें सभापति की ओर फेंक दिया। जानकारी के मुताबिक, विपक्षी नेता दोपहर के भोजन के अवकाश के बिना सदन की कार्यवाही संचालित करने के अध्यक्ष के फैसले से नाराज थे।

कानून और संसदीय कार्य मंत्री एच के पाटिल ने कहा, 'कर्नाटक विधानसभा प्रक्रिया नियमों की धारा 348 के तहत, इन सदस्यों को उनके अशोभनीय और अपमानजनक आचरण के लिए शेष सत्र तक कर्नाटक विधानसभा से निलंबित कर दिया जाना चाहिए और सदन में प्रवेश करने से रोका जाना चाहिए।'

इसके बाद अध्यक्ष ने कहा, 'बेहद पीड़ा के साथ मैं इस प्रस्ताव को मतदान के लिए रख रहा हूं।' ध्वनि मत के आधार पर 10 सदस्यों को विधानसभा से निलंबित कर दिया गया। वहीं निलंबन को लेकर विधानसभा के बाहर भाजपा नेताओं ने प्रदर्शन किया। इस दौरान कर्नाटक पुलिस ने पूर्व सीएम बसवराज बोम्मई समेत अन्य नेताओं को हिरासत में ले लिया।

इस पूरे घटनाक्रम के बाद विपक्षी भाजपा और जेडीएस विधायकों ने विधानसभा अध्यक्ष खादर के खिलाफ विधानसभा सचिव को अविश्वास नोटिस दिया है। इस पर पूर्व मुख्यमंत्रियों बसवराज बोम्मई और एचडी कुमारस्वामी सहित भाजपा और जेडीएस विधायकों ने संयुक्त रूप से हस्ताक्षर किए हैं।

# आशीष रमन सेठी बांग्ला स्टेडियम बॉक्सिंग चैंपियनशिप जीतने वाले पहले भारतीय मुक्केबाज बने



नई दिल्ली ,। आशीष रमन सेठी बांग्ला बॉक्सिंग स्टेडियम बेल्ट जीतने वाले पहले भारतीय मुक्केबाज बन गए हैं। रात के सबसे तेज़ नॉकआउट में, भारतीय सेनानी ने थाईलैंड के पटोंग में अपने जीवन की सबसे कठिन लड़ाई जीतने और देश को गौरवान्वित करने के लिए कठिन संघर्ष किया। हालांकि कई दिग्गजों ने प्रसिद्ध बांग्ला बॉक्सिंग स्टेडियम में प्रतिस्पर्धा की है, लेकिन आशीष ने वहां खिताब जीतने वाले पहले भारतीय फाइटर बनकर एक रिकॉर्ड बनाया।विशेष रूप से, बांग्ला बॉक्सिंग स्टेडियम पटोंग बीच में एक प्रमुख मय थाई क्षेत्र है, जो वास्तविक थाई बॉक्सिंग मैचों की मेजबानी के लिए जाना जाता है, जिसमें असली चैंपियन पुरस्कार, खिताब और थाई बॉक्सिंग परिदृश्य पर अपनी रैंक में सुधार करने के लिए लड़ते हैं।

एक मीडिया विज्ञप्ति में आशीष के हवाले से कहा गया, लड़ाकू खेलों में, हवा की हमेशा एक निश्चित गुणवत्ता होती है। किकबॉक्सिंग एक गहराई से स्थापित आध्यात्मिक मार्ग है जिसने मुझे हमेशा अंदर से मजबूत महसूस कराया है; यह कभी भी ताकत और प्रतिभा का प्रदर्शन नहीं है।

इस फाइटर ने भारतीय क्रिकेट में हरियाणा का भी प्रतिनिधित्व किया था।भारतीय ने अपनी यात्रा के बारे में और विशेष रूप से उस घटना के बारे में भी बताया जिसने उन्हें बुरी तरह झकझोर कर रख दिया था।आशीष ने कहा, जब मैंने थाईलैंड में शीर्ष टेलीविजन थाई मुक्केबाजी लीगों में से एक, हार्डकोर मय थाई में भाग लिया, तो मुझे याद है कि अपने तीसरे मैच में मेरा जबड़ा टूट गया था। मुझे किसी भी तरह की कोई अनुभूति नहीं हुई। मुझे तरल पदार्थ से ठीक होने के लिए दो महीने इंतजार करना पड़ा। फिर आठ महीने, और मुझे यकीन था कि मैं उस समय एक भयानक चोट के कारण अपना दिमाग खो रहा था।इसके बाद आशीष ने किकबॉक्सिंग सीखना शुरू किया। उनके स्थानीय जिम ने उन्हें आवश्यक बुनियादी प्रशिक्षण प्रदान किया। हालाँकि, उनका मानना था कि उन्हें अपनी क्षमताओं में सुधार करने की आवश्यकता है।

उसके बाद, उन्होंने शौकिया मुक्केबाजी में कई जीत हासिल कीं। एथलीट ने 2018 के-एफआई किकबॉक्सिंग राष्ट्रीय चैंपियनशिप जीती।

2019 में, उन्होंने मय थाई नेशनल चैंपियनशिप में अपना पहला स्वर्ण पदक जीता। फिर, उन्होंने 85 किलोग्राम वर्ग में एशियाई मय थाई कांस्य पदक जीता, जिसके कारण 2019 में उनकी विश्व चैम्पियनशिप मय थाई जीत हुई।

# विंबलडन फाइनल में रैकेट तोड़ना नोवाक जोकोविच को पड़ा महंगा, लगा भारी भरकम जुर्माना



लंदन 19 जुलाई ,। 23 बार के ग्रैंड स्लैम विजेता नोवाक जोकोविच पर कालीस अल्काराज के खिलाफ विंबलडन फाइनल के दौरान नेट पोस्ट पर अपना रैकेट तोडऩे के लिए भारी जुर्माना लगाया गया है।

यह घटना रविवार को 20 वर्षीय स्पैनियार्ड के खिलाफ उनकी हार के पांचवें सेट में हुई जब जोकोविच अल्काराज की सर्विस तोडऩे में असफल रहे और बाद में अपना सर्विस गेम हार गए और लकड़ी के नेट पोल में से एक के खिलाफ अपने रैकेट को जोर से मारकर अपनी निराशा व्यक्त की। अंपायर फर्गस मर्फी ने तुरंत जोकोविच को उनके रैकेट-स्मैशिंग उल्लंघन के कारण कोड उल्लंघन के लिए चेतावनी जारी की। परिणामस्वरूप, सात बार के विंबलडन चैंपियन पर 6,117 पौंड का जुर्माना लगाया गया और यह पैसा उनके 1.175 मिलियन पौंड के उपविजेता चेक से काट लिया जाएगा।

दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी अल्काराज ने ब्रेक का पूरा फायदा उठाते हुए चार घंटे और 42 मिनट के बाद 1-6 7-6 (8-6) 6-1 3-6 6-4 से जीत हासिल की। ऑल इंग्लैंड क्लब में 20 वर्षीय खिलाड़ी की जीत ने जोकोविच को 24वां ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने से वंचित कर दिया और सेंटर कोर्ट पर उनका अजेय अभियान भी समाप्त हो गया।

रविवार के फाइनल में, जोकोविच पर दो बार कोड उल्लंघन का मामला दर्ज किया गया। पहला कोड उल्लंघन तब हुआ जब जोकोविच की सर्विस हिट होने से पहले शॉट क्लॉक शून्य पर पहुंच गई। दूसरा उल्लंघन तब आया जब वह पांचवें सेट में ब्रेक से पिछडऩे के बाद उन्होंने अपने रैकेट को नष्ट कर दिया।

मैच के बाद, जब जोकोविच से उनके दो कोड उल्लंघनों के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, इसके बारे में बात करने के लिए ज्यादा कुछ नहीं है। दूसरा (उनका दूसरा कोड उल्लंघन) निराशा थी। दूसरे गेम में मेरे पास ब्रेक पॉइंट थे।

हां, बस कुछ कठिन अंक। सर्बियाई खिलाड़ी को 2020 यूएस ओपन से कुख्यात रूप से अयोग्य घोषित कर दिया गया था, जब उन्होंने राउंड 16 के मुकाबले के दौरान हताशा में एक गेंद को मारा था, गेंद गलती से एक लाइन जज के गले में लग गई थी।

# हमें देश के लिए स्वर्ण पदक की उम्मीद : शाहबाज अहमद




नई दिल्ली । बाएं हाथ के स्पिनर शाहबाज अहमद ने कहा कि भारतीय क्रिकेट टीम एशियाई खेलों में अपनी आधिकारिक शुरुआत में स्वर्ण पदक जीतने की कोशिश करेगी।

उन्होंने इस तथ्य पर टिप्पणी की कि क्रिकेट को पीली धातु जीतने का मौका मिलना बहुत गर्व की बात है। यह दूसरी बार है जब पुरुष क्रिकेट टीम किसी बहु-खेल प्रतियोगिता में खेलेगी। भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम ने 1998 में कुआलालंपुर में राष्ट्रमंडल खेलों में 50 ओवर के प्रारूप में खेला था। हालांकि, मैचों को अंतर्राष्ट्रीय दर्जा नहीं दिया गया और उन्हें सूची ए खेलों के रूप में दर्ज किया गया।शाहबाज़ अहमद ने एक यूट्यूब चैनल ह्यक्रिक्रेट बसुह्न से कहा, हमारे लिए हमारा टूर्नामेंट चर्टर फाइनल चरण से शुरू होता है। सभी टीमें अच्छी तरह से तैयार होंगी। हम देश के लिए स्वर्ण पदक की उम्मीद करते हैं।

बीसीसीआई ने पिछले हफ्ते 23 सितंबर से 8 अक्टूबर तक चीन के हांगझाउ में होने वाले आगामी एशियाई खेलों 2023 के लिए 15 सदस्यीय भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम और पांच स्टैंडबाय खिलाड़ियों की घोषणा की थी।


टी20 प्रारूप में खेले जाने वाले एशियाई खेल 2023 में पुरुष क्रिकेट प्रतियोगिता 28 सितंबर से 8 अक्टूबर तक होगी। सभी मैच झेजियांग यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी पिंगफेंग क्रिकेट फील्ड में खेले जाएंगे।

## एशिया कप : भारत बनाम पाकिस्तान मैच 2 सितंबर को कैंडी में




नई दिल्ली । एक रिपोर्ट में कहा गया है कि टीम इंडिया 30 अगस्त से शुरू होने वाले 2023 एशिया कप में 2 सितंबर को कैंडी में पाकिस्तान से खेलेगी। टूर्नामेंट का उद्घाटन मैच मुल्तान में खेला जाएगा, जिसमें मेजबान पाकिस्तान का मुकाबला नेपाल से होगा और फाइनल 17 सितंबर को कोलंबो में होगा।वे मैच ड्राफ्ट शेड्यूल के नवीनतम संस्करण में शामिल हैं, जिसमें एसीसी द्वारा अंतिम संस्करण की घोषणा से पहले और बदलाव देखने की संभावना है। पीसीबी (मेजबान बोर्ड) द्वारा तैयार किए गए मूल ड्राफ्ट शेड्यूल में पहले ही कई पुनरावृत्तियां हो चुकी हैं, जिसका मुख्य कारण हाल ही में एसीसी द्वारा अनुमोदित हाइब्रिड मॉडल के आधार पर पाकिस्तान और श्रीलंका में खेला जाने वाला छह देशों का टूर्नामेंट है। टूर्नामेंट में कुल 13 मैच खेले जाएंगे, जो सभी पाकिस्तान मानक समय (भारतीय समयानुसार दोपहर 1.30 बजे) दोपहर 1 बजे शुरू होने वाले हैं। पाकिस्तान को ग्रुप ए में भारत और नेपाल के साथ रखा गया है जबकि श्रीलंका, बांग्लादेश और अफगानिस्तान ग्रुप बी में हैं। प्रत्येक ग्रुप से शीर्ष दो टीमें सुपर फोर चरण के लिए चलीफाई करेंगी और इस चरण में शीर्ष दो टीमें फाइनल में पहुंचेंगी। एशिया कप, जो इस बार 50 ओवर के प्रारूप में खेला जाएगा,

# भारत—पाकिस्तान मुकाबला एक अलग रोमांच देता है : ध्रुव जुरेल




नई दिल्ली ,। विकेटकीपर बल्लेबाज ध्रुव जुरेल ने भारत-पाकिस्तान प्रतिद्वंद्विता पर जोर देते हुए कहा दिया कि दोनों देशों के बीच एक अलग स्तर का रोमांच देता है। एसीसी मेन्स इमर्जिंग एशिया कप 2023 में बुधवार को भारत ए का मुकाबला पाकिस्तान ए से होगा। दोनों देशों के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा के कारण ध्रुव इस मैच में उत्कृष्ट प्रदर्शन को एक महत्वपूर्ण उपलब्धि मानते हैं।

विकेटकीपर बल्लेबाज ने यह भी कहा, भारत-पाकिस्तान के बीच हमेशा प्रतिद्वंद्विता रही है, यह एक अलग स्तर का रोमांच देता है। उन्होंने कहा, अगर कोई इस मैच में अच्छा खेल दिखाता है तो यह उनके लिए एक बड़ी उपलब्धि होती है क्योंकि मैच भारत-पाकिस्तान के बीच है।

दाएं हाथ के भरोसेमंद बल्लेबाज यश ढुल खुले तौर पर उस दबाव को स्वीकार करते हैं जो ऐसे मुकाबले से जुड़ा होता है। हालांकि, वह दबाव को प्रभावी ढंग से संभालने पर जोर देते हैं। उनका अंतिम लक्ष्य परिणाम की परवाह किए बिना अपना बेहतर प्रदर्शन करना है। निःसंदेह दबाव रहेगा, लेकिन हमें इसे संभालने के तरीके ढूंढने होंगे। क्या हम खेल का आनंद लेकर इसे संभालेंगे या हम दबाव लेंगे और परिणामस्वरूप अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने में असफल रहेंगे, यह पूरी तरह हम पर निर्भर करता है। उन्होंने आगे कहा, हम अपने खेल का आनंद एक सामान्य खेल की तरह लेंगे और हम नतीजों के बारे में नहीं सोचेंगे।

## फिल्मी सफर

# अजमेर 92 का टीजर जारी, 21 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी फिल्म



द कश्मीर फाइल्स, द केरल स्टोरी और 72 हूरें के बाद भारतीय सिनेमा की एक और विवादित फिल्म अजमेर 92 पिछले कुछ दिनों से चर्चा में है। इसका निर्देशन पुष्पेंद्र सिंह ने किया है और यह फिल्म उमेश कुमार तिवारी द्वारा निर्मित है। निर्माताओं ने आज अजमेर 92 का टीजर जारी कर दिया है, जिसे सोशल मीडिया पर मिली-जुली प्रतिक्रियाएं मिल रही हैं। यह फिल्म 21 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

सच्ची घटना पर आधारित अजमेर 92 में जरीना वहाब, सयाजी शिंदे, मनोज जोशी और राजेश शर्मा जैसे कलाकार नजर आने वाले हैं। 21 अप्रैल, 1992 में राजस्थान के अजमेर में सैकड़ों लड़कियों के साथ हुई हैवानियत की खबर ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया था। एक अखबार के पहले पेज पर सोफिया गर्ल्स कॉलेज की छात्राओं की न्यूड फोटोज ब्लर करके लगाए गए थे, जिससे पूरे देश में हलचल मच गई। यह फिल्म इसी कांड पर आधारित है।हाल ही में, राजस्थान हाई कोर्ट ने सिनेमाघरों और ओटीटी प्लेटफार्मों में फिल्म की रिलीज पर रोक लगाने की मांग वाली याचिका को खारिज कर दिया है. इससे पहले भी ये फिल्म अजमेर 1992, 14 जुलाई को सिनेमा घरों में रिलीज होने वाली थी. लेकिन अब 21 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है.फिल्म से जुड़ा एक वीडियो काफी दिन पहले ही सोशल मीडिया पर अपलोड किया गया था, जसके बाद कम समय में ही इसे कई यूजर के कमेंट भी मिले. एक यूजर ने लिखा ये फिल्म कई भयानक सत्य को सबके सामने लाने वाली है वहीं एक अन्य ने लिखा, ऐसी फिल्मों को प्रमोट किया जाना चाहिए, कुछ लोग करण के फिल्म प्रमोट करने के पक्ष में दिखे तो कई लोग इस भीषण हादसे के बारे में बात कर रहे हैं.


## तमन्ना भाटिया ने जेलर के गाने कावाला पर किया डांस

बॉलीवुड अभिनेत्री तमन्ना भाटिया ने अपनी आने वाली फिल्म जेलर का गाना कावालाह्न पर डांस किया है। हाल ही में फिल्म जेलर का ट्रेलर रिलीज हुआ है। फिल्म जेलर के ट्रेलर में तमन्ना भाटिया, रजनीकांत के साथ कावाला गाने पर डांस करती दिख रही हैं। इस गाने को शिल्पा राव और अनिरुद्ध रविचंदर ने गाया है। अनुराज कामराज ने गाने के लिरिक्स लिखे हैं। तमन्ना भाटिया ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर इस गाने पर अपनी डांस वीडियो शेयर की है।

वीडियो में तमन्ना के साथ बैकग्राउंड में दो और डांसर्स भी नजर आ रही हैं। सोशल मीडिया पर वीडियो शेयर करते हुए तमन्ना ने लिखा, यदि आप पर अब तक इस गाने का नशा नहीं चढ़ा है तो हुकस्टेप ये रहा।सोशल मीडिया पर तमन्ना की डांस वीडियो पर फैंस उनकी खूब तारीफ कर रहे हैं।

फिल्म जेलर के निर्देशक नेल्सन दिलीप कुमार हैं।फिल्म जेलर में रजनीकांत, शिव राजकुमार, रम्या कृष्णन, योगी बाबु, वसंत रवि और विनायकन नजर आएंगे। दक्षिण भारतीय स्टार मोहनलाल इस फिल्म में स्पेशल अपीयरेंस के तौर पर दिखेंगे। जैकी श्रॉफ भी इस फिल्म में नजर आएंगे। फिल्म जेलर इस साल 10 अगस्त को रिलीज होगी।

# कार्तिक आर्यन की स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म चंदू चैंपियन में नजर आ सकती हैं श्रद्धा कपूर



जहां एक तरफ कार्तिक आर्यन इन दिनों अपनी हाल ही में रिलीज हुई फिल्म सत्यप्रेम की कथा की सफलता का आनंद उठा रहे हैं, वहीं दूसरी ओर बीते दिन उन्होंने अपनी नई स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म चंदू चैंपियन का ऐलान किया था। इस फिल्म का निर्देशन कबीर खान कर रहे हैं, जबकि इसका निर्माण साजिद नाडियाडवाला द्वारा किया जा रहा है। अब खबर है कि कार्तिक की चंदू चैंपियन में अभिनेत्री श्रद्धा कपूर मुख्य भूमिका में नजर आ सकती हैं।

सूत्र ने बताया, साजिद नाडियाडवाला और कबीर खान एक प्रमुख महिला की तलाश कर रहे हैं और वो श्रद्धा कपूर से बातचीत कर रहे हैं। अभिनेत्री भी इस फिल्म को लेकर काफी उत्साहित हैं। अगर सब ठीक-ठाक रहा तो जल्द आधिकारिक घोषणा होगी। यह फिल्म अगले साल ईद के मौके पर 14 जून 2024 को रिलीज होगी। वर्कफ्रंट की बात करें तो कार्तिक आने वाले दिनों में भूल भुलैया 3 और आशिकी 3 में नजर आएंगे।

कार्तिक ने फिल्म का पहला पोस्टर सोशल मीडया पर साझा किया और लिखा, चंदू नहीं, चैंपियन है मैं। पोस्टर में लिखा हुआ है, वो शख्स, जिसने आत्मसमर्पण करने से इनकार कर दिया। इसमें फिल्म के नाम के अलावा निर्माता-निर्देशक का नाम और रिलीज डेट भी बताई गई है। फिल्म के निर्देशन की कमान जहां कबीर संभाल रहे हैं, वहीं साजिद नाडियाडवाला इसके निर्माता हैं। यह फिल्म अगले साल ईद के मौके पर 14 जून 2024 को दर्शकों के बीच आएगी।

यह फिल्म एक खिलाड़ी के जीवन की कहानी बयां करती है, जो कभी हार नहीं मानता। उस खिलाड़ी का नाम चंदू है, जिसका किरदार कार्तिक पर्दे पर साकार करने वाले हैं। बताया जा रहा है कि इस सच्ची कहानी से जुड़कर कार्तिक बहुत खुश हैं। वह जानते हैं कि किरदार चुनौतीपूर्ण है, लेकिन वह इसे जीवंत करने को उत्साहित हैं।

# संजय दत्त—अरशद वारसी की नई फिल्म जेल के लिए मुन्ना—सर्किट बने चुनौती



मुन्नाभाई बॉलीवुड की सबसे लोकप्रिय और सफल फिल्म फ्रैंचाइज में से एक है। फिल्म ने मुन्ना और सर्किट की जोड़ी को यादगार बना दिया। इस किरदार को अरशद वारसी और संजय दत्त ने निभाया था। अब दर्शकों को यह जोड़ी एक बार फिर से देखने को मिलेगी। इस बार ये मुन्ना और सर्किट नहीं, बल्कि एक नए किरदार में नजर आएंगे। अरशद ने एक बातचीत में दोनों की नई फिल्म जेल के बारे में विस्तार से बताया है।

रिपोर्ट के अनुसार, फिलहाल जेल की स्क्रिप्ट पर काम चल रहा है। इसकी स्क्रिप्ट सिद्धांत कुमार सचदेव लिख रहे हैं। वही इस फिल्म के निर्देशक भी हैं। अरशद ने बताया कि कंटेंट के मामले में यह फिल्म मुन्नाभाई जैसी होगी। फिल्म की कहानी दिल छूने वाली है और इसमें एक प्यारा सा संदेश छिपा है। मुन्नाभाई एमबीबीएस और लगे रहो मुन्नाभाई दोनों की कहानी भी ऐसी ही थी।उन्होंने बताया कि उनका और संजय का किरदार गढऩा एक मुश्किल काम है। जब भी वह और संजय साथ होते हैं, तो दर्शकों के दिमाग से मुन्ना और सर्किट को निकालना कठिन होता है। यही वजह है कि किरदारों को लिखने में लंबा समय लग रहा है। उन्होंने बताया कि अगर जेल का कोई दृश्य मुन्ना-सर्किट की याद दिलाने लगता है, तो उसे दोबारा लिखा जाता है। अब दर्शकों के लिए इन्हें नए किरदारों में देखना दिलचस्प होगा।

मुन्नाभाई एमबीबीएस 2003 में आई थी। फिल्म में संजय दत्त ने एक मेडिकल स्टूडेंट की भूमिका निभाई थी, जो अपने पिता के दबाव में डॉक्टर बनने आया है। वह अपनी दिल की बात सुनता है और मरीजों का दिल खुश कर देता है। उसके हर काम में उसका दोस्त सर्किट (अरशद) उसके साथ खड़ा रहता है।

# मदालसा शर्मा की खूबसूरती पर हार बैठेंगे दिल, फोटो मचा रहीं इंटरनेट पर धमाल



छोटे पर्दे के पॉपुलर शो अनुपमा में काव्या के किरदार से पहचान पाने वाली एक्ट्रेस मदालसा शर्मा सोशल मीडिया पर भी कहर बरपाए रहती हैं। उनकी लेटेस्ट ग्लैमरस तस्वीरें फैंस को काफी पसंद आ रही हैं। एक्ट्रेस मदालसा शर्मा मिथुन चक्रवर्ती की बहू हैं। आज एक्ट्रेस शो के जरिए घर-घर में अपनी पहचान बना चुकी है। उन्होंने अपनी लेटेस्ट तस्वीरें शेयर की हैं। एक्ट्रेस मदालसा अपने चाहने वालों के साथ जुड़े रहने के लिए सोशल मीडिया पर खूब एक्टिव रहती हैं। मदालसा शर्मा ने गोल्ड और सिल्वर वाली स्टाइलिश आउटफिट में अपनी कातिलाना अदाएं दिखा रही हैं। एक्ट्रेस मदालसा शर्मा लाइट मेकअप और हेयर वन के साथ बेहद खूबसूरत नजर आ रही हैं। मदालसा शर्मा आए दिन अपनी बोल्ड तस्वीरें और वीडियोज शेयर कर फैंस के होश उड़ा ही देती हैं। एक्ट्रेस मदालसा शर्मा अपनी तिरक्षी निगाहों से फैंस के दिलों पर कहर बरपाती नजर आ रही हैं। साथ ही इस आउटफिट में वो अपना परफेक्ट फिगर फ्लॉन्ट कर रही हैं। मदालसा शर्मा की तस्वीरों पर फैंस लगातार कमेंट्स कर रहे हैं। साथ ही एक्ट्रेस की तस्वीरों पर हर्ट और फायर इमोजी की बौछार कर रहे हैं। मदालसा भले टीवी स्क्रीन पर निगेटिव रोल में प्ले कर रही हों, लेकिन रियल लाइफ में वो एकदम बिंदास रहती हैं।

जयन्त

संस्थापक

स्व.नरेन्द्र उनियाल

प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी **नागेन्द्र उनियाल** द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित

—सम्पादक

**नागेन्द्र उनियाल**

आर.एन.आई. 35469/79

फोन/फैक्स 01382-222383

मो. 8445596074, 9412081969

e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com